दैनिक

# भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com




प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घर की मिली चाबी




-: सुविचार :-

जीवन में एक छोटा सा फ़ैसला भी आपको बहुत आगे या पीछे ला सकता है । हमसफर ऐसा चुनो जो आपकी हर परिस्थिति के साथ खड़ा रहे ।


◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 306 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


# बंगाल की खाड़ी में नया चक्रवात!



**कोलकाता।** भारतीय मौसम विभाग ने सर्दियों के आगमन और देश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश के बीच एक नए चक्रवात की चेतावनी जारी की है। इस चक्रवात को सऊदी अरब द्वारा फेनज़ल नाम दिया गया है। इस साल पोस्ट-मॉनसून सीजन में 'दाना' के बाद बंगाल की खाड़ी में एक और चक्रवात का खतरा मंडरा रहा है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 21 नवंबर को अंडमान सागर के ऊपर चक्रवात बनने की संभावना है और 22-23 नवंबर के दौरान यह और मजबूत हो जाएगा.

23 नवंबर तक इसके निम्न दबाव बनने की संभावना है और 26-27 नवंबर तक इसके भूस्खलन की संभावना है। हालांकि, सबसे बड़ा डर यह है कि यह भारत पहुंचे बिना उत्तरी श्रीलंका से टकराएगा।

इससे बांग्लादेश के लिए भी चेतावनी हो सकती है और आम जनता से तटीय क्षेत्रों में सतर्क रहने का आग्रह किया गया है।

गौतम अडानी पर अमेरिका में केस

## 250 मिलियन डॉलर रिश्वत ऑफर करने का आरोप



**न्यूयॉर्क।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी एक नई मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट ने बुधवार(20 नवंबर) को गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर समेत 6 लोगों पर रिश्वत ऑफर करने और धोखाधड़ी चार्ज फ्रेम किया। मामला अडाणी ग्रुप के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट से जुड़ा है। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ने दावा किया है कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए अडाणी ग्रुप ने 250 मिलियन डॉलर (करीब 2110 करोड़ रुपए) की रिश्वत ऑफर की।

### प्रोजेक्ट से अडाणी को होने वाला था मोटा मुनाफा

अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और अडाणी ग्रुप से ताल्लुक रखने वाले सात लोगों ने भारत की सबसे बड़ी सोलर प्लांट डेवलप करने के लिए भारत के सरकारी अफसरों को 250 मिलियन डॉलर रिश्वत देने की हामी भरी थी। इस प्रोजेक्ट से अडाणी ग्रुप को 20 साल में करीब 2 बिलियन डॉलर का प्रॉफिट होने वाला था। इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। यह अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा विवाद बन गया है।

### जानें, इस मामले में आरोपी दूसरे 6 लोग कौन हैं

इस मामले में जिन 6 दूसरे लोगों का नाम शामिल है उनमें रूपेश अग्रवाल, विनीत एस जैन, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा, रंजीत गुप्त और साइरिल कैबेनिस शामिल है।

रायपुर के बीजेपी नेता का दावा

## बिटक्वॉइन घोटाले में भूपेश भी शामिल

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं हैं। जहां भी घोटाला हो भूपेश बघेल से कनेक्शन होने के आरोप लग जाते हैं। पहले महादेव सट्टा और अब बिटक्वॉइन घोटाला मामले में भूपेश बघेल का नाम सामने आ रहा है। दरअसल बिटक्वॉइन घोटाला को लेकर छत्तीसगढ़ में ईडी की दबिश के बाद भाजपा ने आरोपी गौरव मेहता का भूपेश बघेल के साथ कनेक्शन होने का आरोप लगाया है। दरअसल बिटक्वॉइन घोटाला मामले को लेकर ईडी की टीम ने गौरव मेहता के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान गौरव मेहता और उनके भाइयों के नाम पर कई कंपनी होने




का खुलासा किया है। वहीं, इस कार्रवाई के बीच भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गंभीर आरोप लगाया है। संजय श्रीवास्तव ने मीडिया के सामने सवाल दागते हुए पूछा है कि हर भ्रष्टाचार और अपराध में कांग्रेस नेताओं का नाम क्यों? मीडिया को संबोधित करते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी गौरव मेहता छत्तीसगढ़ का निवासी है और उसका पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी जुड़े होने की संभावना है। संजय श्रीवास्तव की मानें तो महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले का नाम भी इस मामले में सामने आया है। संजय श्रीवास्तव ने पूछा है कि हर भ्रष्टाचार और अपराध में कांग्रेस नेताओं का नाम क्यों? संजय श्रीवास्तव ने आगे कहा कि बिटकॉइन घोटाले के तार छत्तीसगढ़ से जुड़े हैं। मामले में कांग्रेस नेताओं की संलिप्तता नज़र आ रही है। पिछले 5 वर्षों में भूपेश के करीबी और रिश्तेदार जेल में हैं। गौरव मेहता के भूपेश बघेल से संबंध होने की आशंका है। हर आरोपी से भूपेश बघेल का कनेक्शन क्यों? हर बड़े घोटाले में कांग्रेस का नाम क्यों? कांग्रेस नेताओं को जवाब देना चाहिए।

रूस-यूक्रेन युद्ध

## पहली बार गिराईं खतरनाक ICBM मिसाइलें, दुनिया में मची खलबली



**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन के Dnipro शहर पर 21 नवंबर की सुबह 5 से 7 बजे के बीच ICBM मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया. इस जंग में पहली बार इंटरकॉन्टीनेंट बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया है. संभावना है कि इसके लिए रूस ने RS-26 Rubezh मिसाइलों का इस्तेमाल किया हो. जिसे अस्त्राखान इलाके से दागा गया था. यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले की पुष्टि की है. इस मिसाइल के अलावा किंझल हापरसोनिक और केएच-101 क्रुज मिसाइलों से भी हमला किया गया है. यूक्रेनी वायुसेना ने इस बात की पुष्टि की है कि उनके महत्वपूर्ण संस्थानों, इमारतों और ढांचों को नुकसान पहुंचा है. इस हमले में गैर-परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया गया है. क्रुज मिसाइलों को दागने के लिए रूस ने अपने लंबी दूरी के बमवर्षकों Tu-95 MS का इस्तेमाल किया है. ये बमवर्षक वोल्गोग्राड इलाके से उड़े थे. जबकि किंझल हाइपरसोनिक मिसाइलों को ताम्बोव इलाके से उड़े MiG-31 K फाइटर जेट से दागा गया था.

इस बीच रूस की तरफ से दावा किया गया है कि उसके हवाई डिफेंस सिस्टम ने दो ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराया है. इन मिसाइलों को यूक्रेन ने रूस की तरफ दागा था।

पाकिस्तान में बडा हमला

## काटकर ले गये 17 सैनिकों के सिर, गधो पर लादकर ले गए लाशें



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को एक बड़ा आत्मघाती हमला हुआ। आतंकवादियों ने बुधवार को दोपहर 2 बजे के उत्तर-पश्चिम में एक चौकी को निशाना बनाया। आतंकवादियों द्वारा किए गए इस आत्मघाती हमले में 17 सैनिकों की मौत हो गई है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आतंकवादियों ने उत्तरी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चौकी में विस्फोटकों से लदे वाहन को अंदर घुसा दिया। इसके बाद एक बड़ा धमाका हुआ। इस हमले में 17 सैनिकों की मौत हो गई है और कुछ अन्य घायल हैं।

### आतंकियों में दहशत

*पाकिस्तान सेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि इलाके में आतंकियों को खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इससे आतंकियों में दहशत है, इसी के चलते उन्होंने इस जघन्य कृत्य को अंजाम दिया। अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।*

## झारखंड के हजारीबाग में भीषण सड़क हादसा, 7 लोगों की मौत,

20 से अधिक गंभीर रूप से घायल, कोलकाता से बिहार जा रही थी बस

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में भीषण सड़क हादसा हुआ है। कोलकाता से बिहार जा रही बस बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर थाना से महज 200 मीटर नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं हैं वहीं 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां



सभी का इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक गोरहर थाना से महज 200 मीटर दूर कोलकाता से पटना जा रही वैशाली बस WB 76 A 1548 अपना नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। यहां सड़क वन वे है और सिक्स लेन सड़क निर्माण के दौरान कंपनी ने सड़क काटकर छोड़ दिया है। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गोरहर थाना की पुलिस की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस की स्पीड ज्यादा दिख रही थी। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। मौके पर पुलिस के पहुंचने के बाद राहत बचाव कार्य शुरू हो पाया।




रायपुर सिटी

दैनिक भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024



# देश की राजधानी दिल्ली में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की दिखी झलक

## छत्तीसगढ़ की सशक्त भारत के निर्माण में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री

भास्कर दूत

**रायपुर।** देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति व कला के बड़ी संख्या में लोग साक्षी बने। मौका था 43वें भारत अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह का, जहां एमफी थियेटर में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने मनोहर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।



छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह पर प्रगति मैदान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पवेलियन में अलग-अलग स्टॉलों का भ्रमण कर कलाकारों को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में राज्य को संभावनाओं की भूमि बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब सशक्त भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि में नवाचार, और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। हमारा उद्देश्य राज्य को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। छत्तीसगढ़ अपनी सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक विकास के संयोजन के साथ एक वैश्विक पहचान बनाने के लिए तैयार है। सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ से आये कलाकारों ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न उत्सवों, तीज त्योहारों पर किए जाने वाले नृत्यों की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने भरपूर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

छत्तीसगढ़ी लोकमंच पर गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ, और पंथी जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की लोक कला और सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया। कलाकारों ने गौरा-गौरी और भोजली की धार्मिक परंपरा, सुआ नृत्य के भावपूर्ण गीत, और राउत नाचा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जीवंत लोक परंपराओं से दर्शकों को रूबरू कराया। इसके साथ ही पंथी और करमा नृत्य द्वारा आध्यात्मिकता और भक्ति भाव से दर्शकों को सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर दिल्ली में पदस्थ छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर श्रीमती ऋतु सैन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी, संस्कृति व राजभाषा विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य, लघु वनोपज के महाप्रबंधक श्री मणिवासन एस, सीएसआईडीसी के महाप्रबंधक विश्वेश कुमार, जनसंपर्क आयुक्त श्री रवि मित्तल, आवासीय आयुक्त श्रीमती श्रुति सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घर की मिली चाबी

भास्कर दूत

**रायपुर** । अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुन्दरकेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों को मिले आवेदनों में से 255 आवेदन तत्काल निराकरण किए गए। साथ ही छूटे हुए आवेदनों का निराकरण भी जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। इस शिविर में अभनपुर विधायक श्री इंद्रकुमार साहू भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण जल्द होगा। इससे हितग्राहियों को भी काफी राहत मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 से अधिक हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।







**विधायक श्री इंद्रकुमार साहू भी हुए शिविर में शामिल**
**सुन्दरकेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन**
**विभिन्न विभागों के 255 आवेदकों के आवेदन निराकृत**

# बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में रायपुर नगर निगम, 1 लाख लोगों को जारी होगी नोटिस!

## व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स और दुकाने हुई सील

भास्कर दूत

**रायपुर।** इस साल नगर निगम में 500 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की कवायद शुरू हो चुकी है. इसी के चलते जहां घर-घर दस्तक देकर 1 लाख ऐसी प्रॉपर्टी जिसका मूल्यांकन नहीं हो पाया है, उनको डिमांड नोटिस थमाई जाएगी.




वहीं वाट्सअप चैटबॉट और मैसेज के जरिये टैक्स की सूचना देने के लिए तकरीबन 1 लाख 42 हजार संपत्ति मालिकों के स्मार्टफोन मोबाइल नंबर अपग्रेड करने का काम शुरू कर दिया गया है. इधर बड़े बकायादारों पर सख्ती के आदेश के बाद निगम जोन-10 कमिश्नरी ने 4 बड़े बकायादारों की प्रॉपर्टी सील कर दी.

जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मुताबिक जोन 10 के तहत वार्ड क्रमांक 56 के टैगोर नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर गोविंद एल्युमिनियम के प्रोपराइटर महेश नारवानी के व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को नगर निगम ने 10 लाख 47 हजार 196 रुपये बकाया होने एवं बकाया अदा न किये जाने पर सीलबंद कर दिया. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 50 के महावीर नगर पुरैना क्षेत्र में प्रोपराइटर अजय क्षेत्रे के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर 6 लाख 17 हजार 254 रुपये बकाया राशि जमा नहीं करने पर प्रतिष्ठान को सीलबंद कर दिया गया.

इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 56 के श्यामनगर क्षेत्र में प्रोपराइटर अनिल बजाज के व्यवसायिक परिसर को 6 लाख 93 हजार 132 रुपये का बकाया अदा न करने पर सीलबंद किया गया. इस दौरान संबंधित भवन स्वामी ने नगर निगम से बकाया राजस्व की अदायगी करने 3 दिन का समय मांगा. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 52 के क्षेत्र के अंतर्गत प्रोपराइटर श्रीमती ज्योति शर्मा के आनंद रेस्टोरेंट को नगर निगम का 5 लाख 78 हजार 368 रुपये बकाया टैक्स नहीं देने पर सीलबंद कर दिया गया.

### स्वसहायता समूह से मदद से सर्वे

शहर में लगभग 1 लाख ऐसी प्रॉपर्टी जिसका मूल्यांकन नहीं हो पाया. उसका सर्वे करने के लिए नगर निगम अपने कर्मचारियों के अलावा अब स्वसहायता समूहों से मदद ले रहा है. निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा के मुताबिक इन स्वसहायता समूहों के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे का काम शुरू हो चुका है. जोन के राजस्व निरीक्षकों को कम से कम 50-50 घर का लक्ष्य एक-एक दिन के लिए दिया गया है.

# अम्बेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक

## निर्णयों के पालन एवं क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिए निर्देश

**रायपुर।** संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे ने आज पं. जवाहर नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर एवं इससे संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक ली। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वशासी बजट के अंतर्गत अभी तक हुए आय-व्यय की समीक्षा की गई। इसके साथ ही संभागायुक्त ने विगत 7 अगस्त को हुई प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन एवं क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने जानकारी दी कि चिकित्सालय के किराया कक्षों (पेइंग वार्डों) के नवीनीकरण हेतु 26 एसी, केजुअल्टी विभाग हेतु 09 एसी और सीटीवीएस विभाग हेतु 05 एसी के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। डॉ. सोनकर ने बताया कि चिकित्सालय में साइनेज बोर्ड लगाये जाने एवं अन्य नवीनीकरण कार्य करवाये जाने से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा छ.ग. को प्रेषित किया जा चुका है। चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग हेतु एक प्रेशर इंजेक्टर मशीन के क्रय की कार्यवाही सीजीएमएससी द्वारा की जा रही है। यह मशीन सीटी स्कैन, एमआरआई और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के लिए बेहद उपयोगी है। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत बैठक में फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत होने वाले पोस्टमार्टम कार्य हेतु एक नग नवीन वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के क्रय किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसके अंतर्गत वर्तमान में मशीन का स्पेसिफिकेशन तैयार किया जा रहा है। वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के लिए संबंधित फर्म को बुलाकर पहले उसका डेमोंस्ट्रेशन लिया जाएगा। उसके बाद क्रय हेतु सीजीएमएससी को मांगपत्र भेजेंगे।

## सार समाचार

### राजधानी में चोर लुटेरे बदमाश बेखौफ

# घर में अकेली वृद्धा से लूटपाट, सोने के जेवर व नकदी ले भागे लुटेरे




**रायपुर।** राजधानी में चोर लुटेरे बदमाश बेखौफ हो गए हैं। पिछले दिनों कविता नगर में वारदात के बाद कल रात गीतांजलि नगर में वृद्धा ये साथ लूटपाट की गई। खम्हारडीह थाने इलाके में बुजुर्ग महिला को घर में अकेली देख लुटेरों ने यह वारदात की।

वृद्धा का बेटा बहू सतसंग में शामिल होने पंजाब गए हुए हैं। कल रात घर घुसे बदमाशों ने वृद्धा के साथ मारपीट कर कान सी बाली, कंगन छीने और 15 हजार रूपए नगद लेकर भाग निकले। बेटे के परिचितों की मदद से वृद्धा ने पुलिस मैं मामला दर्ज कराया। पुलिस जांच कर रही है

# धान का सर्वाधिक दाम मिलने से किसान के बच्चों का बेहतर होगा भविष्य

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

**रायपुर** । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों को धान का सर्वाधिक दाम मिल रहा है। किसानों को धान का दाम 72 घंटे के भीतर मिल रहा है। आरंग के पिपरौद निवासी किसान श्री डमरूलाल साहू बताते है कि धान खरीदी केंद्रो पर इस बार किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऑनलाइन टोकन कटवाने की व्यवस्था की है, इससे धान बेचने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता है। श्री साहू बताते है कि धान की कीमत का सबसे अधिक दाम मिलना काफी अच्छी बात है और इस राशि से खेती को बढ़ावा के साथ परिवार के पालन-पोषण बेहतर तरीके कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि धान से मिलने वाले पैसे का उपयोग बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने में करेंगें। किसान श्री डमरूलाल साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया।



# साइबर ठगी का नया पैंतरा: शादी के नाम पर भेजे जा रहे APK फाइल्स, क्लिक करते ही मोबाइल हो जाएगा हैक, बैंक खाता खाली

भास्कर दूत

**रायपुर।** शादियों के मौसम में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक और तरीका इजाद कर लिया है। अब ये ठग अनजान नंबरों से व्हाट्सएप पर शादी का ई-निमंत्रण (ई-कार्ड) भेज रहे हैं।

जैसे ही कोई यूजर इस कार्ड पर क्लिक करके इसे डाउनलोड करता है, उसका मोबाइल हैक हो जाता है। रायपुर पुलिस ने इस बढ़ते साइबर खतरे को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### जानिए कैसे हो रही है ठगी?

पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी एंड्रॉइड पैकेजिंग किट (क्क) भेजकर ठगी का नया ट्रेंड चालू कर चुके हैं। कई एंड्रायड फोन यूजर्स बिना सोचे-समझे अंजान या परिचितों के नंबरों से आए ई-कार्ड सीधे डाउनलोड कर लेते हैं। इसी का फायदा साइबर अपराधी उठाते हैं और ठगी कर रहे हैं। ऐसे ई-कार्ड, निमंत्रण या ई-पत्रिकाएं आपके पास आएं तो पहले नंबर चेक करें। परिचित हो तो उनसे संपर्क करें, फिर डाउनलोड करें। यदि एपीके लिखा है तो डाउनलोड न करें।

### क्या है APK फाइल का खेल?

- एपीके फाइल एक खास प्रकार की एप्लिकेशन फाइल होती है, जो मोबाइल डिवाइस में इंस्टॉल होने पर वायरस सक्रिय कर देती है।

फाइल हैकर्स को आपके डिवाइस पर अनधिकृत नियंत्रण देती है।

- एपीके फाइल का उपयोग फिशिंग अटैक के लिए भी किया जाता है, जो आपके डिवाइस में खतरनाक कोड इंस्टॉल कर सकता है।



साइबर रेंज प्रभारी मनोज नायक का कहना है, शादियों के सीजन में साइबर अपराधी व्हाट्सएप पर ई-निमंत्रण भेजकर ठगी कर रहे हैं। इसे खोलते ही मोबाइल हैक हो जाता है। सभी से अनुरोध है कि सतर्क रहें और अनजान लिंक या फाइल डाउनलोड न करें।

### इस तरह बचें साइबर ठगी से

- सिर्फ प्ले स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें।
- ऐप की रेटिंग और रिव्यू जरूर चेक करें।
- ऐप्स द्वारा मांगी गई परमिशन की जांच करें।
- अपने डिवाइस में एंटीवायरस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें।
- मोबाइल सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट रखें।
- किसी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# अगहन का पहला गुरुवार : घर-घर सजे चौक, मां लक्ष्मी की विधिवत हो रही पूजा-अर्चना

भास्कर दूत

**रायपुर।** हिंदू मान्यता के अनुसार अगहन मास के गुरुवार को लक्ष्मी और विष्णु की पूजा करने से घर में समृद्धि और खुशहाली आती है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार सुबह शुभ मुहूर्त में महिलाएं हल्दी और आंवले का उबटन लगाकर स्नान करेंगी और पूजा-अर्चना में भाग लेंगी। इस दौरान घर-आंगन को सुंदर चौक, दीपों और पुष्पों से सजाया जाता है। लक्ष्मी और विष्णु की मूर्तियों की स्थापना कर विशेष धूप, दीप, और आंवला पत्तों के साथ पूजा की जाएगी। पूजा के बाद खीर, पूड़ी, और अन्य पारंपरिक व्यंजन भोग के रूप में अर्पित किए जाएंगे।



### इस पूजा की खास बात

अगहन मास के हर गुरुवार पूजा जो भोग लगाया जाता उस प्रसाद को घर के बाहर नहीं बांटा जाता, क्योंकि मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। पूजा के बाद परिवार के सदस्य एक साथ प्रसाद ग्रहण करेंगे। ग्रामीण अंचल में विशेष रूप से नए चावल से बने पकवान, जैसे फरा और पूड़ी, भोग में शामिल होंगे। वहीं शहर के लोग खीर-पूड़ी और अन्य मिठाइयों का भोग लगाएंगे।

### पूरे महीने चलेगा पूजा उत्सव

अगहन मास के हर गुरुवार को यह पूजा अलग-अलग प्रकार के पकवानों और विधियों के साथ की जाती है। पहला गुरुवार खास महत्व रखता है, क्योंकि इसे नए फसल के उपयोग की शुरुआत के रूप में भी देखा जाता है। यह परंपरा परिवार और समाज के बीच जुड़ाव और समृद्धि का संदेश देती है।

### अगहन माह महालक्ष्मी का माना गया है

आज गुरुवार 21 नवंबर 2024 का पहला को अगहन गुरुवार को पर्व मनाया जा रहा है। जिसमें शास्त्रगत मान्यताओं के आधार पर अगहन गुरुवार में व्रत रखने का विधान है। इस दिन स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प महिलाओं द्वारा किया जाता है। इसके अलावा शाम को चंद्रमा के उदित होने के उपरांत पुष्प, नैवेध, धूम, दीप प्रज्वलित कर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यतानुसार अगहन माह महालक्ष्मी का महीना माना गया है। इस माह के गुरुवार को धन देवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से सुख-शांति व समृद्धि मिलती है।

### देवी के पग चिन्ह बनाकर स्वागत

घर व द्वार को रंगोली से सजाकर मां पूजा स्थल तक देवी के पग चिन्ह बनाकर गुरुवार को भोर में उनका आह्वान करती हैं। सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय उन्हें भोग अर्पित करते हुए पूजा-अर्चना की जाती है। चावल आटें से सजाएंगे घर का द्वारगुरुवार को अल सुबह मां की पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। महिलाओं ने घर-द्वार सजाने के साथ ही पूजा की तैयारी मंगलवार से ही शुरू कर दी है।

### मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर करती है विचरण

अगहन गुरुवार की मान्यता ज्योतिष के अनुसार इस माह को लेकर यह मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती हैं। इस अवसर पर जो श्रद्धालु घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करता है। उस के घर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इन मान्यता को लेकर लोग आदि काल से मानते आ रहे है।

# संभागायुक्त महादेव कावरे ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

भास्कर दूत




**रायपुर** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने आज मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कमिश्नर श्री कावरे ने रायपुर उत्तर विधानसभा, रायपुर पश्चिम विधानसभा, रायपुर ग्रामीण के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ एवं सुपरवाइजर से नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने, एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र में शिफ्टिंग किए जाने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नाम जोड़ने एवं काटने के संबंध में पूर्ण जांच बाद पुष्टि होने पर ही नाम जोड़ने एवं काटने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि 18-20 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों द्वारा नाम जोड़ने के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त होने के पर ही पूर्व में किस मतदान केंद्र में नाम जुड़ा था, उसकी काटने की पुष्टि दस्तावेज प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों को चिंहाकित कर उनका नाम काटने, शिफ्टिंग इत्यादि के लिए आवेदन प्राप्त होने पर गंभीरता से जांच एवं पुष्टि उपरांत नाम काटने की कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही रायपुर शहर पश्चिम विधानसभा में नाम जोड़ने के लिए कम आवेदन प्राप्त होने के कारण अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री नंद कुमार चौबे , तहसीलदार श्री पवन कोसमा, अधीक्षक श्री एम. एल. जी टाण्डेय एवं नायब तहसीलदार श्री प्रवीण परमार उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में (सीओपीडी) जागरूकता की क्रांतिकारी पहल

भास्कर दूत

**एमसीबी** / विश्व सीओपीडी दिवस की शुरुआत 2002 में ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव लंग डिजीज (तङ्गङ्घ) द्वारा की गई थी। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके रोकथाम, प्रबंधन तथा इलाज को बढ़ावा देना है। यह दिवस हर साल नवंबर के तीसरे बुधवार को मनाया जाता है, और इसका उद्देश्य सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों और आम जनता के बीच संवाद स्थापित करना है, ताकि इस बीमारी से होने वाली मृत्यु और पीड़ा को कम किया जा सके। इस दिन विशेष रूप से श्वसन स्वास्थ्य और वायु प्रदूषण जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो सीओपीडी के मुख्य कारण हैं।






## छत्तीसगढ़ में सीओपीडी के खिलाफ समग्र प्रयास

छत्तीसगढ़, जो अपनी प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। छत्तीसगढ़ में सीओपीडी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है, जो मुख्य रूप से वायु प्रदूषण, तंबाकू सेवन और परंपरागत चूल्हों के धुएं से उत्पन्न होती है। खासकर राज्य के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। एमसीबी जिला जो कोयला खनन और औद्योगिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है, प्रदूषण और सांस संबंधी बीमारियों का केंद्र बन चुका है। इन समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है।

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। यहां सीओपीडी और अन्य श्वसन संबंधित रोगों के इलाज के लिए आधुनिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन चलाई जा रही हैं, जो प्राथमिक चिकित्सा और स्क्रीनिंग सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। राज्य सरकार ने कोयला खनन और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अग्रणी भूमिका

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार किए हैं। उनके प्रयासों से राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से सीओपीडी और सांस संबंधी बीमारियों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसके परिणामस्वरूप जिलों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, अस्पतालों में उपकरणों का उन्नयन और चिकित्सा कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया गया है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का क्रांतिकारी नेतृत्व

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ के विकास में स्वास्थ्य को केंद्रीय भूमिका दी है। उनके नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना का सफल क्रियान्वयन हुआ, जिससे लाखों परिवारों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला। इसके अलावा राज्य सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए पर्यावरण-अनुकूल नीतियों को लागू किया और एलपीजी कनेक्शन वितरण के जरिए ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य खतरों से बचाया है।

## छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव देखा है। विशेष रूप से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में सीओपीडी की रोकथाम और स्वास्थ्यकर आदतों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयास न केवल राज्य के लिए, बल्कि देशभर के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गणित विषय के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



बालोद। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग के तत्वावधान में जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक शालाओं के गणित विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दूधली विकासखंड डौंडीलोहारा जिला बालोद में किया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ मां शारदे की पूजा अर्चना एवं राजकिय गीत से किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग के व्याख्याता श्रीमती अनुजा मुरेकर एवं श्रीमती संध्या साहू मैडम एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती दुर्गेश नंदिनी यादव रहे। इस कार्यशाला में बालोद जिला अंतर्गत दो विकासखंड डौंडीलोहारा एवं बालोद के लगभग 80 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण का लाभ लिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ के रूप में यवन लाल धनकर एवं खिलेश्वर प्रसाद गंजीर अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। उक्त प्रशिक्षण का आयोजन 19 नवंबर 2024 से 21 नवंबर 2024 तक किया जाएगा।

### सेजस मोहंदीपाठ में बच्चों ने बनाया स्वादिष्ट व्यंजन




**बालोद।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहंदीपाठ में स्कूली बच्चों के लिए फन मेले में स्कूली बच्चों ने

अपने नन्हे नन्हे हाथों से स्वादिष्ट व्यंजन गुपचुप , भेल, पकोड़े, मीठा ,बनाकर व्यापार कर मेहनत करने की सिख मिली , मेले मे बच्चो ने खूब डांस, मस्ती, सिंगिंग किया,वही प्राचार्या अर्चना चौरे

शिक्षक-अर्मिनदर कौर, अंशु गाड़े,गोपिका कौमार्य ,मेघा साहू, वंदना चंद्रा, पीयूष पांडे, ओम सिन्हा,स्वाति पंडवार, रेणुका बरमार, वर्षा पांडे, आमंदीप कौर सहित पालक और ग्रामीण जन रहे

### धमतरी के राधाकृष्ण ज्वेलरी दुकान में हुये चोरी का हुआ खुलासा

आरोपी से चांदी के जेवरात एवं बैटेक्स के आभूषण, कुल जुमला कीमती 373640/- रूपये को जप्त किया गया

**धमतरी।** दिनांक 08.11.24 को रात्रि 08:00 बजे प्रार्थी प्रवीण वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा साकिन नयापारा वार्ड धमतरी जो रिसाईपारा धमतरी स्थित अपने ज्वेलरी दुकान का ताला बंद कर अपने घर चला गया था। रात्रि करीबन 03:20 बजे प्रार्थी को फोन के माध्यम से दुकान का शटर आधा खुला होने की सूचना मिलने घर प्रार्थी दुकान आकर देखा तो शटर आधा खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो ज्वेलरी सामान ईधर-उधर चिखरा पड़ा था। दुकान में रखे चांदी का जेवरात, बैटेक्स के सामान एवं नगदी रकम 17000/- रूपया कुल जुमला 95000/- रूपये नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध क्र. 438/2024 धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जिले के ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक श्री मणीशंकर चन्द्रा,उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार के मार्गदर्शन में सायबर सेल तकनीकी एवं थाना सिटीकोतवाली धमतरी की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।



2 लाख का कर्ज लेकर किसान ने बोई थी फसल

# तैयार फसल और महीनों की मेहनत जलकर हुई खाक



भास्कर दूत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बीती रात एक किसान की महीनों की मेहनत से हुई फसल जलकर खाक हो गई. यह घटना जिले के उसूर क्षेत्र की है जहां किसान रमेश चापडी ने 2 लाख रुपये कर्ज लेकर खेती की थी और कटाई के बाद लाखों का धान ब्यारे में रखा था. सुबह जब वे वापिस ब्यारे में गए तो पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी और आग तब भी जल रहा था. किसान ने घटना की जानकारी पटवारी और पुलिस में दी. जिसके बाद पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है।

इस घटना को लेकर एसडीएम भूपेंद्र गावरे ने कहा कि पटवारी को मौके पर भेजा गया है. खेत में कितनी जमीन और फसल जली है, इसका आंकलन किया जा रहा है. उन्होंने आश्वासन दिया कि आरबीसी 6(4) के तहत उचित मुआवजा दिलाया जाएगा. वहीं फसल बर्बाद होने से किसान अब कर्ज चुकाने को लेकर चिंतित है. हालांकि प्रशासन की ओर से जल्द मदद मिलने की उम्मीद है

# व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण कराए जाने एक दिवसीय कार्यशाला

भास्कर दूत

**बालोद।** जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग ( अछोटी ) के तत्वावधान में व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण कराए जाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला दुर्ग एवम् बालोद में सम्पन्न हुआ।

डायरेक्टर एससीईआरटी रायपुर के आदेशानुसार प्राचार्य श्रीमति मधुलिका तिवारी डाइट दुर्ग के निर्देशन में दुर्ग एवम् बालोद जिला से लगभग 1750 व्याख्याताओं (कक्षा 9 से 12वी तक अध्यापन कराने वाले )शिक्षकों को सेवा कालीन प्रशिक्षण के अन्तर्गत विषयवार चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाना है। इस सन्दर्भ मे 19व 20 दिसंबर 2024को साक्षरता भवन दुर्ग एवम् बीआरसी कार्यालय बालोद में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कुछ प्राचार्यों एवम् डाइट के विषय विशेषज्ञों डी आर जी एस समूह के सदस्यों के साथ आवश्यक तैयारी करने हेतु चर्चा व कार्यक्रम की रूप रेखा तय किए जाने हेतु एक दिवसीय बैठक आहूत की गई। नोडल अधिकारी सत्येन्द्र शर्मा डाइट ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए कई दृष्टिकोणों से




महत्वपूर्ण है। विषय के साथ साथ बहुत सारी जनरल मुद्दों जैसे कि एनएचएस, (नेशनल अचीव मेंटे सर्वे, न्यू एजुकेशन पॉलिसी, नेशनल करिकुलम फ्रेम प्रैक्टिकल आधारित प्रशिक्षण होगा। यह प्रशिक्षण ब्लेंडेड मोड पर तीन दिवस फेस टू फेस और चार दिवस ऑनलाइन विषयवार गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, हिन्दी, कला संकाय के विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञों अथवा सेवा निवृत विद्वत जन को स्रोत प्राध्यापक के रूप आमंत्रित किए जाएंगे। प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमति संध्या शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण ऑन लाइन मोड में दिनांक 26, 27, 28 नवंबर को हिंदी/केमेस्ट्री, 5, 6, 7 दिसंबर को आर्ट/फिजिक्स व 9,10, 11दिसंबर को बायो/मैथ्स विषय का डाइट दुर्ग केन्द्र से आयोजित किया जाएगा। एवम् ऑफ लाइन प्रशिक्षण दिनांक 5 दिसंबर से 21 दिसंबर तक तीन तीन दिवस का चरण वार दुर्ग एवम् बालोद जिले में आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य श्री मति मधुलिका तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए आवश्यक तैयारी के साथ विषय वार समन्वयक एवम् मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर दिए गए हैं। दुर्ग जिला के लिए श्रीमति शिला चंद्रा, प्रतिभा शर्मा ( रसायन), सुष्मिता मिश्रा, सपना सोनी (भौतिक), डॉ मधुबाला, एन के राजपूत (गणित), श्री मति लक्ष्मी एस प्रसाद, रतना साहू (जीव विज्ञान), डॉ सरिता श्रीवास्तव, अशोक देशमुख (हिन्दी ), श्रीमति मृणालिनी एवं बद्रिका भोई (कला संकाय) के मास्टर ट्रेनर्स होगें। इसी तरह से बालोद जिला के लिए स्रोत शिक्षक व्याख्याता श्रीमति श्वेता पांडे, दीप्ति पाण्डेय (भौतिक), गजाधर श्याम, दिलीप कुमार साहू (गणित ), कोमल सिंह देशमुख, ईश्वरी लाल साहू (रसायन), श्री गंगा प्रसाद बारले, सोहन लाल ध्रुवे (जीव विज्ञान) श्री दिनेश कुमार साहू , डी आर चंद्रवशी ( हिन्दी ) श्री मति मधुमाला कौशल, सूरज गोपाल गंगबर कला संकाय के मास्टर ट्रेनर्स होगें। सभी विषयों के लिए डाइट से अलग अलग समन्वयक डॉ वंदना सिंह (कला संकाय) एस एल धुरंधर (जीव विज्ञान) , सुषमा हिरवानी (हिन्दी ) अनुजा मुरेकर (गणित) श्री सत्येन्द्र शर्मा ( भौतिक एवम् केमिस्ट्री ) के समन्वयक होगें । संस्थान के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ शिशिरकन भट्टाचार्य एवम डॉ नीलम दुबे पुरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के आब्जर्वर होगें। बैठक के अंतिम दौर में संस्थान के प्राचार्य द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग व, बालोद, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग एवम् हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों को आवश्यक सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# जांजगीर-महाविद्यालयीन सेक्टर लेवल महिला/पुरूष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर दूत

**जांजगीर।** पंडित हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय के तत्वाधान में जिला हैंडबॉल ग्राउंड जांजगीर में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्यतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुलतानियाँ समाजसेवी अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष ,स्काउट जिला आयुक्त हितेश यादव अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ,विशिष्ट अतिथि एम के चतुर्वेदी प्रभारी प्राचार्य, खेल अधिकारी डॉ विश्वास विश्वकर्मा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के एस एस बघेल, नवाब सर खेल अधिकारी, प्रदीप सर खेल अधिकारी, जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय टी सी एल महाविद्यालय प्रभारी, रामप्रताप सिंह, सुषमा कैवर्त, अशोक साहू विकास खण्ड खेल अधिकारी, एल पी पाण्डेय डाईट उप प्राचार्य, सुनील सिंघानियां शिक्षाविद,चंद्रशेखर महतो, हरिश चौहान, के गरिमामयी आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक संघ के सचिव जितेंद्र तिवारी ने किए हैंडबॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विजेता टी सी एल कॉलेज जांजगीर, उपविजेता अशासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़, महिला वर्ग में विजेता टीम अशासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़, उप विजेता टीम शासकीय एम आर महाविद्यालय चाम्पा रहे,अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को मैडल और टीम ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किए, इस अवसर पर मुख्यतिथि अमर सुलतानियाँ ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा हार जीत की भाव से परे होकर खेल भावना से प्रदर्शन करना चाहिए, हर जीत और हार से प्रेरणा लेकर निरन्तर आगे बढ़ना चाहिए तभी सफलता अवश्य मिलती है । कार्यक्रम के अंत में आयोजको द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया ।



# विश्व डायबिटीज दिवस पर आयोजित एनसीडी कैंप में 37,783 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

भास्कर दूत



**एमसीबी।** जिले में विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष एनसीडी कैंप का आयोजन किया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर यह कैंप आयोजित किया गया। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट परिसर में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्ट्रेट कार्यालय 109 अधिकारी-कर्मचारियों का बीपी एवं शुगर की जांच की गई। जिसमें संभावित बीवी के 37 लोग, मधुमेह के संभावित 6 लोग तथा 69 लोग सामान्य पाये गय। जिले में आयोजित कैंपों में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का ब्लड प्रेशर (बीपी) और ब्लड शुगर की जांच की गई। इसके साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके लिए जिले में कुल 160 टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक व्यापक रूप से इस कैंप का संचालन किया। यह विशेष शिविर 20 नवंबर को आयोजित किया गया था, इस शिविर में जिले भर में 37,783 लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर का परीक्षण किया गया। इनमें से 3,178 लोगों में बीपी और 2,273 लोगों में शुगर की संभावित समस्या का पता लगाया गया। चिन्हित लोगों को समय पर उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई थी।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और मितानिन बहनों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान में सहायक रहा बल्कि जिले में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



# भाजपा बूथ लेवल चुनाव को लेकर प्रभारी अमर सुल्तानिया ने की पदाधिकारियों से रायशुमारी

## भाजपा बलौदा मंडल में संगठन चुनाव को लेकर हुई कार्यशाला

भास्कर दूत

जांजगीर। भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव को लेकर बलौदा मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से संगठन पर्व 2024 के चुनाव को लेकर चर्चा हुई जिसमें मंडल के चुनाव प्रभारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला सदस्यता अभियान संयोजक अमर सुल्तानिया मौजूद रहे।



इस दौरान आने वाले दिनों में होने वाले बूथ स्तरीय चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर मौजूद भाजपा पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी अमर सुल्तानिया ने बूथ स्तरीय चुनाव की रणनीति के बारे में रायशुमारी की उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सभी बूथों में जाकर प्रमुखों द्वारा चुनाव कराया जाएगा। हर बूथ में 25 लोगों की टीम बनाई जाएगी। चुनाव में 33 प्रतिशत महिलाओं का स्थान सुनिश्चित रहेगा। इसके साथ ही चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तार से चुनाव प्रभारी अमर सुल्तानिया ने चर्चा की। इसके साथ ही संगठन पर्व सदस्यता अभियान के विषय में भी उपस्थित सदस्यों से चर्चा की गई।

इस दौरान अमर सुल्तानिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और बूथ चुनाव भाजपा के रीढ़ है। इस दौरान उन्होंने सर्वसम्मति से मंडल पदाधिकारियों के गठन पर जोर दिया। अमर सुल्तानिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विविध जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है जिनका लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा है लोगो का सुधरता जीवन स्तर इस बात का प्रमाण है। आगे उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनना केवल राजनितिक जुड़ाव नही है बल्कि एक विचारधारा है, जिसके द्वारा प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, समाज और राष्ट्रसेवा को नई ऊचाईयों तक पहुचाने सक्रिय योगदान दे सकता है। बलौदा मंडल चुनाव प्रभारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला सदस्यता अभियान संयोजक अमर सुल्तानिया ने वरिष्ठजनों के सलाह से संगठन के निर्वाचन कार्यक्रम को सम्पन्न करने की अपील की।

बैठक के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, मुकेश भोपालपुरिया, मंडल अध्यक्ष एस. कुमार देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र दुबे, मणिकांत अग्रवाल, ओंकार सिंह, हेमंत कटकवार, दुर्गा रजक, सतीश यादव, नरेन्द्र ताम्रकार, प्रेमसागर पटेल, दुर्गेश स्वर्णकार, उमाशंकर श्रीवास, अनिल हरवंश, अजय कटकवार, पुरूषोत्तम यादव, मनोज यादव, नरेन्द्र मित्तल, ओमप्रकाश सारथी, निलेश गुप्ता, कमलेश सोनी, रविवचन रात्रे, प्रमोद प्रजापति, लक्ष्मीकांत रात्रे, योगेश गोयल, मुकेश वर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

भास्कर दूत
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024

संपादकीय

## जलवायु संकट अभी भी मुद्दा नहीं

जलवायु संकट देश, नस्ल, धर्म और जाति के भेद के बिना सभी को मार रहा है, बरबादी की और ले जा रहा है लेकिन देशों और नेताओं के लिए अभी भी मुद्दा नहीं बना है। वर्ष 2024 रिकार्ड बना रहा है। रोजाना जबरदस्त गर्मी और विनाशकारी तूफान की खबरें आ रही है। लोगों की जिंदगी और जीविका के साधन ताश के पत्तों के ढेर की तरह ढहते दिख रहे है।

इस साल गर्मी के मौसम में ऐसे मौके भी आए जब सब कुछ नष्ट होना लगभग अवश्यंभावी दिख रहा था। मौसमी उन्माद के साथ-साथ बीमारियों में भी बढ़ोतरी है। बीमारियां अजीब और अप्राकृतिक है। हाल में हमारे पारिवारिक चिकित्सक ने बताया कि इस प्रकार का डेंगू फैल रहा है जिसमें सिर्फ प्लेटलेट्स की संख्या ही नहीं घटती बल्कि एक दिन बुखार आता है और उसके बाद कई दिनों तक नहीं आता और एसजीपीटी और एसजीओटी (लीवर की स्थिति बताने वाले दो हारमोन) के स्तर में तेज वृद्धि होती है। इसलिए यदि आपको आज बुखार है तो मेहरबानी करके कल ही अपनी जांच करवा लें। जोखिम उठाना ठीक नहीं। काफी जटिल स्थितियां का दौर है। और कोई भी इन जटिलताओं की मूल वजह ङ्क जलवायु में बदलाव ङ्क को गंभीरता से लेने के लिए तैयार नहीं है। न तो राजनैतिक बहस-मुबाहिसों में और न चुनावी चर्चाओं में इसका ज़िक्र होता है। पिछली गर्मियों में हुए हमारे आम चुनाव के दौरान जलवायु संकट चर्चा का मुद्दा नहीं था। इन दिनों दो राज्यों में चुनाव हो रहे है, लेकिन किसी भी छोटे-बड़े राजनैतिक दल या उसके किसी नेता ने इस बारे में कुछ भी नहीं कहा है। महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जिसे जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव झेलना पड़ा है ङ्क ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार पडऩे वाले सूखे से लेकर शहरी इलाकों में आने वाली बाढ़ तक। लेकिन वहां भी नौकरियाँ, आरक्षण, मुफ्त अनाज और साम्प्रदायिकता ही मुख्य मुद्दे हैं। यदि हम अपेक्षाकृत बड़े कैनवास पर बात करें तो ट्रंप के दुबारा चुनाव जीतने से सीओपी29 (संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन) और भविष्य में होने वाले जलवायु सम्मेलनों पर अनिश्चिता के काले बादल घिर आए हैं। फिलहाल वर्ष का वह समय है जब दुनिया भर के नेता, वैज्ञानिक, उद्योगपति, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अजरबेजान के बाकू शहर में एकत्रित होकर धरती पर आपके और हमारे भविष्य के बारे में विचार कर रहे हैं। वे शुद्ध पानी और विशुद्ध वाइन की चुस्कियां लेते हुए वैश्विक तापमान में वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के लिए ग्रीन हाउस गैसों का उर्त्सजन कम करने के बारे में चिंतन-मनन कर रहे हैं। सीओपी की यह बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें धन और निवेश जुटाने का मुद्दा प्रतिनिधियों के सामने होगा। सन 2009 में अगले 15 सालों में क्लाइमेट चेंज संबंधी काम के लिए 100 अरब डॉलर आवंटित किये गए थे। इस आवंटन को खर्च करने की सीमा 2024 के अंत में समाप्त हो जाएगी। जाहिर है कि विकासशील देशों को हरित ऊर्जा स्त्रोत विकसित करने और अपेक्षाकृत गर्म धरती के साथ तालमेल बिठाने के लिए धन उपलब्ध करवाना ज़रूरी है।

विश्व मत्स्य दिवस पर विशेष

# छत्तीसगढ़ में मछली पालन को नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में विष्णुदेव साय सरकार

छत्तीसगढ़ जो भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 4.14 प्रतिशत हिस्सा है, जलवायु और जल संसाधनों के कारण मछली पालन के लिए उपयुक्त है। राज्य में 43 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है। राज्य को तीन हिस्सों में बांटा गया है- उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र, मध्य मैदानी क्षेत्र और बस्तर पठार। महानदी, इंद्रावती और सहायक नदियां मछली पालन के लिए आधार बनाती हैं। छत्तीसगढ़ में 2.10 लाख लोग मछली पालन से जुड़े हैं।



1,27,269 ग्रामीण तालाब और 1,770 सिंचाई जलाशयों में से 92 प्रतिशत जलक्षेत्र मत्स्य पालन में उपयोग हो रहा है। 2023-24 तक 418.07 करोड़ मत्स्य बीज का उत्पादन हुआ, जबकि 2024-25 का लक्ष्य 546 करोड़ है। जिसमें विशेष उपलब्धि 2007-08 में 1.39 लाख टन मत्स्य उत्पादन 2022-23 में 7.30 लाख टन हो गया। 2.20 लाख लोग मछली पालन में लगे हैं। आधुनिक तकनीक, जैसे केज कल्चर और बड़े फिंगरलिंग का उपयोग कर के उत्पादन को बढ़ा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में मछली पालन का क्षेत्र जो कभी केवल पारंपरिक व्यवसाय के रूप में देखा जाता था, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि के कारण अब राज्य की आर्थिक और सामाजिक समृद्धि का केंद्र बन रहा है। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मछुआरों और मछली किसानों के योगदान को सराहा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह दिन छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मछली पालन के महत्व को रेखांकित करता है और इस क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को प्रदर्शित करता हैं। छत्तीसगढ़ की नदियां, तालाब और जलाशय मछली पालन के लिए अत्यधिक उपयुक्त हैं। राज्य का मछुआरा समुदाय और मछली किसान इस क्षेत्र की रीढ़ हैं। उनकी आजीविका इस व्यवसाय पर निर्भर है, और वे राज्य के खाद्य और पोषण सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल और मछुआरों के लिए विशेष योजनाएं

मुख्यमंत्री साय की सरकार ने मछली पालन के क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए व्यापक रणनीति अपनाई है। छोटे और सीमांत मछली किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए विशेष ऋण योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही उन्नत प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महिलाओं और युवाओं को मछली पालन में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए सामुदायिक तालाबों के माध्यम से उनके लिए नए अवसर उत्पन्न किए गए हैं।

केंद्र सरकार की योजनाओं का राज्य के विकास में योगदान

केंद्र सरकार की योजनाओं ने छत्तीसगढ़ में मछली पालन के क्षेत्र को नई ऊर्जा प्रदान की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत राज्य में जल संसाधनों के बेहतर उपयोग, मछली उत्पादन में वृद्धि और मछुआरा समुदाय की आय में सुधार के लिए कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। नीली क्रांति योजना के अंतर्गत टिकाऊ मछली पालन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए मछुआरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और नीली क्रांति का प्रभाव

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का उद्देश्य मछली पालन को प्रोत्साहित करते हुए किसानों और मछुआरों की आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत आधुनिक कोल्ड स्टोरेज, मछली बाजार और परिवहन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। नीली क्रांति योजना ने मछली पालन में नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है। इसका प्रभाव न केवल उत्पादन में वृद्धि के रूप में देखा गया है, बल्कि राज्य के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी छत्तीसगढ़ की उपस्थिति को मजबूत किया है।

### मछुआरा समुदाय के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण का महत्व

मछली किसानों और मछुआरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्नत तकनीकों, जैसे बायोफ्लॉक मछली पालन और रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से मछली किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में मदद मिल रही है, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

### छत्तीसगढ़ में मछली उत्पादन का बढ़ता दायरा

छत्तीसगढ़ मछली उत्पादन में न केवल राज्य की जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपने उत्पादों की पहचान बना रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को भारत का मछली पालन केंद्र बनाना है, और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की मछली पालन क्षमता का उपयोग करते हुए किसानों और मछुआरों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी अवसर पैदा किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार टिकाऊ मछली पालन की दिशा में भी काम कर रही है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की गई हैं। जैव विविधता को संरक्षित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल मछली पालन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने मछुआरा समुदाय की मेहनत और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मछली पालन राज्य की आर्थिक रीढ़ है, और इसे सशक्त बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मछुआरों को आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार उनके साथ हैं और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्र सरकार की योजनाओं का समन्वय छत्तीसगढ़ को मछली पालन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, नीली क्रांति और अन्य योजनाओं के माध्यम से राज्य में मछली पालन का एक सुनियोजित और संगठित विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री साय की दूरदृष्टि और केंद्र सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ मछली पालन का राष्ट्रीय केंद्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

**महेंद्र सिंह मरपच्ची**

## नदी की दुर्दशा'

कहाँ गये वो दिन अब सारे, पास सभी जब आते थे।
कभी खुशी की बातें करते, गम भी कभी सुनाते थे।।
कलकल-कलकल बहती रहती, दिखती सुंदर हरियाली।
फूल खिले जब रंग-बिरंगे, झूमे पीपल की डाली।।
जामुन अमुआ अमरुद इमली, तोड़-तोड़ ले जाते थे।
कहाँ गये वो दिन अब सारे, पास सभी जब आते थे।।
मछली मेंढक सर्प केंचुआ, मस्त मजे से रहते थे।
उछल-कूद करते थे मिलकर, भाषा अपनी कहते थे।
स्वच्छ नीर की निर्मल धारा, अपनी प्यास बुझाते थे।
कहाँ गये वो दिन अब सारे, पास सभी जब आते थे।।
मानव जब भी गम में होते, शांत सभी को करती थी।
ठंडी ठंडी पवन चले जब, तन में आहें भरती थी।
बैठ किनारे बातें करते, हँसते और हँसाते थे।
कहाँ गये वो दिन अब सारे, पास सभी जब आते थे।।
सूखी-सूखी पड़ी अकेली, अब मानव भी मुख मोड़े।
नीर बहाती रहती हूँ मैं, जीव-जंतु मुझको छोड़े।।
पहले जैसी नहीं रही मैं, आकर गले लगाते थे।
कहाँ गये वो दिन अब सारे, पास सभी जब आते थे।।



प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम जिला - गरियाबंद

## जिन्दगी का हिसाब

आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
कोई नया मिल गया तो मुलाकात करते हैं,
जो कोई बिछड़ गया उसको याद करते हैं!
ए जिन्दगी तुझसे हम कोई बात करते हैं।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
कोई हमसे रूठ गया उसकी बात करते हैं,
क्यों? कोई बिछड़ गया शिकायत करते हैं!
ईश्वर उससे मिला दे हम फ़रियाद करते हैं।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
धैर्य, हौसला, साहस और हिम्मत की हमने,
न जाने कैसे संघर्षों से जिंदगी जी हैं हमने!
दुनिया की नफरतों से भी प्रेरणा ली हमने।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)
98260-25986



## अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर लोग आमादा

लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण जानलेवा भी हो सकता है। मगर जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है। छठ के मौके पर दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तू तू-मैं मैं अब इतनी आम हो गई है कि लोग उससे ऊबने लगे हैं। मुद्दा है कि जब यह स्थायी समस्या है, तो छठ के बाद उस पर इन दोनों पार्टियों का ध्यान क्यों नहीं होता, जिनकी केंद्र और (केंद्र शासित) प्रदेश में सरकारें हैं? फिर सामान्य दिनों में नागरिक समाज को भी इसकी कोई फिक्र नहीं होती। यही हाल दिल्ली और आसपास के इलाकों में इस सीजन में बढऩे वाले वायु प्रदूषण की है। फिर वही हुआ। एक और दिवाली आई और फिर दिल्ली एनसीआर स्मॉग की चादर से ढक गया। पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ कागज पर रहा। लोगों ने जितनी मांग की, उतने पटाखे दुकानों में बिके, लोगों ने खरीदे और मन भर कर जलाए भी। अब लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते-देते थक गए हैं कि प्रदूषण सिर्फ थोड़ी-सी खांसी ही नहीं देता, बल्कि यह जानलेवा तक साबित हो सकता है। मगर भारत में जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस-का-तस है। अब इस क्रम में एक अंतरराष्ट्रीय पहलू भी जुड़ा है। पाकिस्तान भी वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव झेल रहा है। खासकर लाहौर शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## // हाइकु //

(1)
अक्षर नहीं,
फिर शब्द ही नहीं
रहा न वाक्य।
(2)
सुमन गिरा
काँटे की नोक पर,
बेचारा वृक्ष ?
(3)
वाष्पित हवा
आती धरती पर,
लौटती नहीं।
(4)
होती खुशियाँ,
पर्व के आने पर
पर्व में नहीं।
(5)
निकले हुए
जुबान अरु बाण
ढूँढते लक्ष्य।



टीकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

'सुषमा के स्नेहिल सृजन'

## जय मां लक्ष्मी



माँ लक्ष्मी वरदायिनी,
सजे अल्पना द्वार।*
वर दे माँ कमला हमें,
भरे अन्न भंडार।।*
सुख-समृद्धि की हो कृपा,
पावन हो संसार।*
धन-धान्य घर में भरे,
हो सबका उद्धार।।*
*'सुषमा' जगमग दीप से,
पूजन करो विशेष।*
माँ कमला करती कृपा,
मंगल शुभ संदेश।।*

कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल (रायपुर छ.ग.)

# कानूनी दायरे में कैसे लाए जाएं चुनावी वायदे

चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है।



चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में उतरी कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता। घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में तबदील हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है। चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निर्माता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके।

चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

**- उमेश चतुर्वेदी**

## हारा नहीं हूं

नया करने का जुनून जिंदा है भीतर,
अलग हैं मेरे सपनें, मैं नकारा नहीं हूं,
ये माना नसीबो का ये सारा खेला है,
हिम्मत हौसला है मुझमें, हारा नहीं हूं।
जग की भेड़ चाल मुझे न रास आती,
नदी हूं मैं, नदी का किनारा नहीं हूं,
जानता हूं कोई पास तो कोई फेल है,
टूट कर बिखर जाऊं, वो सितारा नहीं हूं।
श्रम की धौंकनी पर निरंतर ही तपता,
लक्ष्य भेदी हूं, सिरफिरा आवारा नहीं हूं,
मैं समझता हूं यह सारा जो है माजरा,
आलोचकों से डर, कभी घबराया नहीं हूं।
जीतता एक दिन जंग वही जो दम रखता,
सृजनकार हूं, घूमता-फिरता बेचारा नहीं हूं,
भयंकर तूफानों में भी लड़खड़ाया न कभी,
सचेत हूं, इधर-उधर भटके वो बंजारा नहीं हूं।
समय की धार को भली भांति जानता,
धैर्य रखता, कोई जादू का पिटारा नहीं हूं,
यकीन है मुझे मेरा ईश्वर मेरे साथ है सदा,
'आनंद' दे भरोसा, किस्मत का मारा नहीं हूं।

- मोनिका डागा 'आनंद',
चेन्नई, तमिलनाडु



## नानपन के गांव

तीपत घाम के बेरा म मय पीपर के छांव अवं
मोला सुरता कर मय तोर नानपन के गांव अवं।।
लइकापन के आमा - अमली के मिठास अवं
तोर संग - जहुरिया के आपस म खटास अवं।।
मय तोर नानपन के बड़ सुघ्घर चिंनहार अवं
तोर नानपन के घूमें - फिरे खोल - द्वार अवं।।
पीपर ऊपर ल कूद - कूद के नहावस ओही तरिया अवं
अपन संगी जहुरिया संग खेले आवस ओही परिया अवं।।
तोर नानपन के खेले के सबले बढ़िया सुख के सहारा अवं
जेन अमरइया म तैं झुलवा झुलस ओही रुक के डारा अवं।।
मय तोर नानपन के सुख - दुख के चिंनहारी अवं
मय तोर मया - दुलार के जनम महतारी अवं।।
तोर जनम - मरन के आखिरी पहिचान अवं।
मय तोर नानपन के अब्बड़ सुघ्घर गांव अवं।।

हितेश्वर बर्मन चैतन्य
डंगनिया, जिला : सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)



## शब्द सामर्थ्य– 428

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

## शब्द सामर्थ्य – 427

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू–दोकू क्र. 428

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


## सू–दोकू क्र. 427 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी

## लाल निशान में खुला सेंसेक्स

मुंबई । रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार पर दिखा। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। निफ्टी पीएसयू बैंक में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।




शुरुआती कारोबार में सुबह 9ः43 बजे सेंसेक्स 610.10 अंक या 0.79 प्रतिशत की गिरावट के बाद 76,968.28 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 209.65 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के बाद 23,308.85 पर कारोबार कर रहा था। बाजार का रुख नकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 445 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1560 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

निफ्टी बैंक 397.10 अंक या 0.78 प्रतिशत की गिरावट के बाद 50,299.40 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 170.40 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट के बाद 54,377.85 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉल कैप 100 इंडेक्स 94.50 अंक या 0.53 प्रतिशत की गिरावट के बाद 17,582.85 पर था।

सेंसेक्स पैक में एसबीआई, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और नेस्ले इंडिया टॉप लूजर्स रहे। वहीं, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स रहे। जानकारों का कहना है कि यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग के हालात और बदतर हो रहे हैं और ये बाजार को प्रभावित कर सकता है।

यूक्रेन-रूस के बीच बढ़ते तनाव से बाजारों पर असर पड़ सकता है। तनाव बढ़ने से अनिश्चितता बढ़ गई है नतीजतन अधिकांश मार्केट पार्टिसिपेंट्स स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, हालांकि, बाजार तेजी से गिरेगा इसकी संभावना कम है।

एशियाई बाजारों की बात करें तो जकार्ता और सोल को छोड़कर शंघाई, टोक्यो, बैंकॉक और हांगकांग के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 19 नवंबर को 3,411 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,783 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

# दिल्ली में सांस लेना हुआ दूभर

**राजीव दुबे (ब्यूरो दिल्ली)**
भास्कर दूत

**नई दिल्ली** । दिल्ली-एन सी आर में वायु प्रदूषण से लोगों को सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।दिल्ली में एक्यूआई 400 से अधिक हर रोज आ रहा है ।जिसके चलते बच्चे,युवा और बुजुर्गो को हार्ट की समस्या के साथ लंग में संक्रमण के साथ लंग में कालेपन की शिकायते बढ़ रही है ।

इन्डियन हार्ट फाऊंडेशन के प्रमुख व हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ आर एन कालरा ने कहा कि वायु प्रदूषण से लोगों को आंखो में जलन,खांसी जुकाम के साथ सिरदर्द की शिकायते बढ़ रही है ।जो गंभीर बीमारी का रुप ले सकती है ।उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण से बचने के लिये मुँह में मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकले और साथ ही अगर सीने में भारी पन के साथ सांस लेने में दिक्कत हो तो उसे नजरअंदाज न करे ।क्योंकि ये हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं ।

साकेत मैक्स अस्पताल के प्रमुख कैथलैब के डायरेक्टर व हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ विवेका कुमार ने बताया कि एक ओर तो दिल्ली में सर्दी ने दस्तक दे दी है वही वायु प्रदूषण कहर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है ।ऐसे में जरा सी लापरवाही स्वास्थ्य के घातक हो सकती है ।डॉ विवेका कुमार ने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्त चाप से पीड़ित मरीज समय-समय पर हार्ट की जांच कराये ।जो लोग मोटापा के साथ हाई कोलेस्ट्रॉल से पीड़ित हैं ।वे सीने में दर्द के साथ वाये हाथ मे दर्द और जबड़े में खिचाव को नजरअंदाज न करें ये हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं ।उन्होंने कहा कि वैसे तो सर्दी का मौसम हेल्दी माना जाता है ।पर हार्ट रोगियों के घातक माना जाता है ।इसलिये इस मौसम में नियमित व्यायाम करें खान पान पर विशेष ध्यान दें तलीय पदार्थो का सेवन कम से कम करें ।योग पर विशेष ध्यान दें ।

# गोदरेज इंटेरियो ने त्योहारी सीजन में दर्ज की 25 प्रतिशत की वृद्धि, होम पर्सनलाइजेशन पर फोकस

**मुंबई** । गोदरेज एंड बॉयस के भारत के अग्रणी होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड्स में से एक और गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का हिस्सा, गोदरेज इंटरियो ने त्योहारी सीजन के दौरान 25त्न की वृद्धि दर्ज की है, ऐसा उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत मांग के कारण संभव हुआ है। ब्रांड ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की, जिसमें उत्तर और मध्य भारत सबसे मजबूत प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों के रूप में उभरे। त्योहारी सीजन में वृद्धि पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज इंटेरियो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपभोक्ता व्यवसाय के प्रमुख देव सरकार ने कहा, इस त्योहारी सीजन का प्रदर्शन आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों और आकांक्षाओं के बारे में हमारी गहरी समझ को दर्शाता है। विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि अपमोड्स रेंज जैसे उत्पादों के साथ वैयक्तिकरण और मॉड्यूलरिटी सहित डिजाइन-आधारित नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को मान्य करती है, और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करती है। निरंतर गुणवत्ता मानक बनाए रखते हुए एक विशाल उत्पाद रेंज के साथ विविध प्राथमिकताओं को पूरा करने की हमारी क्षमता इस सफलता की कुंजी रही है। चूंकि हम शादी के मौसम में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उच्च उपभोक्ता गतिविधि की उम्मीद है।




# महिला के संघर्ष को बखूबी बयां करती हैं अवॉर्ड विनिंग क्लासिक फिल्म ढाई आखर, 22 नवम्बर को होगी रिलीज

निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म 'ढाई आखर' एक क्लासिक लव स्टोरी है, जो एक महिला की अपनी पहचान ढूंढने की कोशिश में किए गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है. ये फिल्म 22 नवम्बर को पूरे देश में रिलीज़ होने जा रही है.




हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास तीर्थाटन के बाद पर आधारित फिल्म ढाई आखर हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही. इसके बाद वो चिट्ठियों के जरिए से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है, लेकिन विधवा होने के कारण उसका ये प्रेम संबंध पुरुष प्रधान समाज और परिवार को स्वीकार नहीं होता.

क्या हर्षिता इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना कर पाएगी? श्रीधर के साथ उसके रिश्ते के प्रति परिवार की नफरत का अंत क्या होगा? क्या दोनों का प्यार परवान चढ़ेगा? इन सभी सवालों का भावनात्मक जवाब खोजने की कोशिश है फिल्म ढाई आखर..

फिल्म के निर्देशक प्रवीन अरोड़ा ने इसको लेकर बात करते हुए कहा कि फिल्म ढाई आखर एक प्रेम गीत है. प्रेम किसी के जीवन को बदलने की ताकत रखता है. हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी इस फिल्म में हर्षिता के लीड रोल में नजर आएंगी.

जानेमाने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने भी अहम किरदार निभाए हैं. लेखक असगर वजाहत ने इस फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे हैं. वहीं फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर ब्रज मोहन हैं. फिल्म की शानदार टीम में गीतकार इरशाद कामिल, हिन्दी और बंगाली संगीत निर्देशक अनुपम रॉय और गायिका कविता सेठ शामिल हैं.

मोहनलाल की बैरोज का ट्रेलर आउट

# डिज्नी वर्ल्ड, 3डी एक्सपीरियंस के साथ जादू बिखेर अलग दुनिया की सैर कराएगी फिल्म

मलयालम फिल्म बैरोज-गार्डियन ऑफ ट्रेजर के मेकर्स ने फिल्म का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर रिलीज कर दिया है. मोहनलाल एक फ्रेंडली घोस्ट की भूमिका में हैं. सबसे खास बात यह है कि मोहनलाल ने इसे खुद निर्देशित किया है. ट्रेलर में एक महल के प्रोटेक्टिव भूत के किरदार में मोहनलाल कभी ना देखे गए अवतार में नजर आ रहे हैं.




ट्रेलर में दिखाया गया है कि महल में कई दिलचस्प कहानियां हैं और एक खजाना छिपा है जिसे केवल एक लड़की ही निकाल सकती है फिर पता चलता है कि केवल वह लड़की ही भूत को देख सकती है और वह उससे बात भी कर सकती है. बैरोज का ट्रेलर काफी खूबसूरत लग रहा है जो कि 3डी में और भी शानदार लग रहा है और यह आपको डिज्नी की फेयरीटेल दुनिया में ले जाता है. इसमें जादू, ड्रामा, फीलिंग्स और बहुत सारे सीक्रेट्स हैं. साथ ही वह सबकुछ है जो डिज्नी लवर्स को पसंद आए. फिल्म में सारे सीन शानदार है और 3डी में होने की वजह से यह जादुई दुनिया का बेहतरीन एक्सपीरियंस करवाता है.

# सत्यदेव स्टारर फिल्म ज़ेबरा 22 नवंबर को रिलीज़ होगी

बहुप्रतीक्षित मल्टी-स्टारर फिल्म ज़ेबरा 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है, जिसमें प्रतिभाशाली अभिनेता सत्य देव और कन्नड़ स्टार दाली धनंजय मुख्य भूमिकाओं में हैं। ईश्वर कार्तिक द्वारा निर्देशित और पद्मजा फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और ओल्ड टाउन पिक्चर्स के तहत एसएन रेड्डी, एस पद्मजा, बाला सुंदरम और दिनेश सुंदरम द्वारा निर्मित यह फिल्म दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर रही है।




रिलीज डेट पोस्टर में सत्य देव और दाली धनंजय को क्रूर अवतार में दिखाया गया है, जो करेंसी नोटों, एक लाइटहाउस और एक फैक्ट्री की पृष्ठभूमि में सेट है। फिल्म का प्रचार चल रहा है, निर्माताओं ने फर्स्ट लुक पोस्टर, मोशन वीडियो और एक अच्छी तरह से प्राप्त टीज़र जारी किया है जो कि फिल्म की कहानी को पेश करता है। ज़ेबरा में सत्यराज, सत्य अक्कला, जेनिफर पिकिनाटो, सुनील और प्रिया भवानी शंकर सहित कई प्रभावशाली कलाकार हैं, जिसकी टैगलाइन लक फेवर्स द ब्रेव है।

तकनीकी दल में रवि बसरूर संगीत रचना संभाल रहे हैं, सत्या पोनमार छायाकार हैं, और अनिल कृष संपादक हैं। मीराख ने संवाद लिखे, जबकि सुब्बू ने स्टंट का ध्यान रखा और अश्विनी मुलपुरी और गंगाधर बोम्माराजू ने वेशभूषा डिजाइन की। एस श्रीलक्ष्मी रेड्डी सह-निर्माता के रूप में काम करती हैं। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, ज़ेबरा एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव होने का वादा करता है।

## खेल



नालंदा। बिहार के राजगीर में हुई महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी पर भारत ने कब्जा जमा लिया है। टीम इंडिया ने चीन को 1-0 से हरा दिया है। तीसरे क्वार्टर के पहले मैच के 31वें मिनट में दीपिका ने टीम इंडिया के लिए पहला गोल किया, जिसने भारत को जीत दिलाई। पहले और दूसरे क्वार्टर के कुल 30 मिनट के खेल में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। भारत और चीन की टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं। दूसरे क्वार्टर में भारत को 4, चीन को 2 पेनाल्टी कॉर्नर मिले। हालांकि कोई भी टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

# भारत ने महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल जीता:चीन को 1-0 से हराया

दीपिका का गोल डिसाइडर बना; तीसरी बार ट्रॉफी जीती

बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को सम्मानित किया है। टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 10 रुपए लाख का पुरस्कार देने की घोषणा की। इसके साथ ही टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को भी 10 रुपए लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम 5 बजे भारत और चीन की महिला हॉकी टीमों के बीच फाइनल मुकाबला शुरू हुआ था। 3 हजार की कैपेसिटी वाला स्टेडियम दर्शकों से पूरा भरा रहा। स्टेडियम में तिरंगा लहराया गया। जय श्रीराम के नारे भी लगे।



### लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा

भारत ने लगातार दूसरी और ओवरऑल तीसरी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। इससे पहले उसने 2023 में रांची और 2016 में सिंगापुर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

### सेमीफाइनल में जापान को हराया था

मंगलवार को जापान को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंची थी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस टूर्नामेंट में ग्रुप और सेमीफाइनल समेत सभी 6 मैच जीते हैं। वहीं चीन ने भी अपने 6 में से 5 मैच जीते हैं। एक ग्रुप मैच में चीन को भारत से हार का सामना करना पड़ा है। आज भारत और चीन के बीच ये फाइनल हॉकी मुकाबला 8 साल बाद हुआ।



## एक नजर

# बुमराह, कमिंस ने पर्थ टेस्ट से पहले गेंदबाजी नेतृत्व की वकालत की

**पर्थ** । पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस दोनों ने कप्तान के रूप में तेज गेंदबाजों पर दुर्लभ स्पॉटलाइट को अपनाया। कमिंस ने इस प्रवृत्ति को एक ताज़ा बदलाव के रूप में सराहा, बुमराह ने तेज गेंदबाजों की सामरिक तीक्ष्णता की वकालत की, अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को उच्च मानक स्थापित करने का श्रेय दिया और इसे क्रिकेट नेतृत्व में एक संभावित नई परंपरा कहा। पहली बार, दो तेज गेंदबाज-बुमराह और कमिंस- अपनी-अपनी टीमों की अगुवाई करेंगे, जो टेस्ट टीमों की कप्तानी करने वाले बल्लेबाजों या ऑलराउंडरों की परंपरा से महत्वपूर्ण बदलाव है। कमिंस ने गुरुवार को कहा, हां, देखकर बहुत अच्छा लगा। ऐसा और भी होना चाहिए। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में टिम साउदी की कप्तानी में भी अच्छा प्रदर्शन किया गया था। हां, मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज़्यादा बदलाव हुआ है। यह उन दुर्लभ चीज़ों में से एक है।




**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 160891 प्रथम आमंत्रण 13.11.2024 | सेंदरी कोनी बायपास मुख्यमार्ग से ग्राम रमतला से भदौरियाखार बरपाली होते हुए गतौरी तक पहुंच मार्ग लंबाई 2.325 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 221.87 |
| 2 | 161171 तृतीय आमंत्रण 13.11.2024 | जिला सूरजपुर के प्रतापपुर में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कार्य। | 700.44 |
| 3 | 161235 प्रथम आमंत्रण 14.11.2024 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के सुन्दरपुर-चौराखाड़ मार्ग पर सुखरी पांगन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य। | 266.44 |
| 4 | 161252 प्रथम आमंत्रण 14.11.2024 | सक्ती में संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण, वा.स.से. फि.विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1725.38 |
| 5 | 161324 प्रथम आमंत्रण 18.11.2024 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत बलरामपुर (तामेश्वर नगर) हवाई पट्टी उन्नयन एवं सुधार कार्य। | 367.86 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क. 02 दिनांक 25.11.2024 सं.क. 05 दिनांक 10.12.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 05.12.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ,
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी- 242503961/8


### डेविस कप फाइनल्सः

# कनाडा को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**मैलागा (स्पेन)** । जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीते, जिससे जर्मनी ने कनाडा को 2-0 से हराकर बुधवार को डेविस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने 2019 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और कनाडा को आसानी से हराया। अल्टमायर ने शुरुआत में घबराहट से उबरते हुए गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया, इससे पहले स्ट्रफ ने किसी तरह डेनिस शापोवालोव के खिलाफ रोमांचक मुकाबले को 4-6 7-5 7-6(5) से जीत लिया।



स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी जीत के हकदार थे। लेकिन मैं अंत में जीत हासिल करके खुश हूं। डेनिस शानदार खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की। वापसी करना मुश्किल था। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। यह बहुत करीबी मुकाबला था।

इस जीत ने जर्मनी और नीदरलैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की नींव रखी, जब डच ने स्पेन को हराकर मंगलवार रात राफेल नडाल के टेनिस करियर को खत्म कर दिया।


**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 202411243200020
ब 121/ वर्ष-22-23

सर्व साधारण ग्राम कोड़ेवा तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलकिशोर आत्मज ओमकार निवासी कोड़ेवा तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र खिलेश्वर पिता कमलकिशोर साकिन कोड़ेवा का जन्म 9-1-2000 को जन्म होने के कारण जन्म पंजी में पंजीयन कराने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। ग्राम पंचायत कोड़ेवा तहसील अर्जुन्दा के जन्म/मृत्यु पंजी में खिलेश्वर पिता/कमलकिशोर के नाम पंजीयन कराने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या दावा करना हो तो दिनांक 29/11/2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। बाद में आए हुए आपत्ति या दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 11-11-24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार अर्जुन्दा,
जिला बालोद

**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 202411243200020
ब 121/ वर्ष-22-23

सर्व साधारण ग्राम कोड़ेवा तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलकिशोर आत्मज ओमकार निवासी कोड़ेवा तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र छत्रपाल पिता कमलकिशोर साकिन कोड़ेवा का जन्म 30-8-2005 को जन्म होने के कारण जन्म पंजी में पंजीयन कराने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। ग्राम पंचायत कोड़ेवा तहसील अर्जुन्दा के जन्म/मृत्यु पंजी में छत्रपाल पिता/कमलकिशोर के नाम पंजीयन कराने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या दावा करना हो तो दिनांक 29/11/2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। बाद में आए हुए आपत्ति या दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 11-11-24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार अर्जुन्दा,
जिला बालोद

**न्यायालय तहसीलदार लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ0ग0)**
//ईश्तहार//
रा0प0क0.. वर्ष 2024-25

पक्ष बद्रीनाथ वर्मा पिता स्व. चंदराम वर्मा मौजा ग्राम गदहीडीह प.ह.न.30 रा.नि.म. व तहसील पलारी,

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बद्रीनाथ वर्मा पिता स्व.चंदराम वर्मा निवासी ग्राम गदहीडीह तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक शिक्षित बेरोजगार हूं, मैं अर्जी लेखक के रूप में लवन तहसील प्रांगण में बैठने की अनुमति लेना चाहता है उक्त संबंध में नियम व शर्तों का पालन करना चाहता है आवेदक के विरूद्ध किसी प्रकार की अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा अर्जी लेखक की अनुज्ञा प्राप्त करने हेतु कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त अर्जी लेखक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/12/2024 तक दावा आपत्ति कर सकते है। मियद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 1/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईतहार जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
लवन

# मुरुम खोदने के लिए फेंका पानी, भूजल स्तर पांच फीट गिरा

## बेलभाठा मैदान बना मौत का कुआ, हजारों हाइवों के आवाजाही से रिहायशी इलाके में हादसे को आमंत्रण

भास्कर दूत





**अभनुपर।** बेलभांठा क्षेत्र में व उनके आसपास करीब 20 गांव हैं, जहां मुरुम की खोदाई धड़ल्ले से की जा रही है। नियमों को ताक पर रखकर खोदाई किया जा रहा है। मन चाहे गड्ढे खोदे जा रहे हैं। बेलभांठा और आसपास गांव के खाली जगहों को देखें तो आज मौत का कुंआ दिखेगा। जितनी भी खाली जगह है वहां मुरुम के लिए खोद डाला गया है। बता दें कि इन खोदाई से वाटर लेबल करीब चार से पांच फीट गिर गया है और कुएं सुख गए हैं अभनपुर क्षेत्र में ऐसे ही भू-जल स्तर गिरा रहता है। यहां करीब 800 से 1000 फीट में पानी का स्त्रोत मिलता है। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भरा हुआ था, जिसे खोदाई के लिए माफियाओं द्वारा लाखों लीटर पानी को व्यर्थ बहा दिया गया है और फिर से खोदाई शुरू कर दिया गया है। इधर, पानी व्यर्थ बहने से क्षेत्र में वाटर लेबल कम हो गया है। चार से पांच फीट पानी नीचे चला गया है। वहीं बोर से पानी करीब 20 से 25 मिनट बाद आ रहा है। बारिश के बाद फरवरी तक पानी की समस्या नहीं होती है, क्योंकि पानी का लेबल ठीक रहता है, लेकिन बेलभांठा व आसपास के क्षेत्र वालों को नवंबर महीने से ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है। क्षेत्र के कुए में पानी नहीं है। निस्तारी के लिए बड़ी समस्या हो रही है। अभी से क्षेत्रवासियों की हालत खराब होने लगी है। गर्मी के दिनों में तो निस्तारी व पानी के लिए भटकना पड़ता है। यदि इन गड्ढों में यदि पानी भरा रहेगा तो क्षेत्र वालों को न तो ठंड में परेशानी होगी और ना ही गर्मी के दिनों में निस्तारी व पेयजल के लिए भटकना पड़ेगा।

### हादसे का बना रहता है भय

*बेलभांठा क्षेत्र के आसपास 20 गांव आते हैं, यहां पूरी तरह से मुरम खोदाई का काम चल रहा है। मुरम लेने के लिए चौबीस घंटे में एक हजार से अधिक हाईवा रिहायशी इलाके से गुजरती है। बच्चे घरों के बाहर खेलते रहते हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन ऐसे ही बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। यदि जल्द ही बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक न लगाई गई तो हादसा हो सकता है।*

# अवैध रुप से शराब बेचने वाले आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपी से कुल 32 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 3,520/- रूपये जप्त कर,धारा 34 (2)आब0एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

भास्कर दूत





**धमतरी।** धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर के सूचना मिली की जालमपुर धमतरी में एक व्यक्ति द्वारा अपने पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं कि सूचना के आधार पर शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी रामचंद्र चंदनिया पिता झंगलू चंदनिया उम्र 49 वर्ष जैत खंभ के पास जालमपुर धमतरी के कब्जे से थैले के अंदर 32 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 3,520/- रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी का नाम-= रामचंद्र चंदनिया पिता झंगलू चंदनिया उम्र 49 वर्ष जैत खंभ के पास जालमपुर धमतरी ,थाना सिटी कोतवाली धमतरी, जिला-धमतरी (छ0ग0) सम्पूर्ण कार्यवाही में कोतवाली से सउनि.महेन्द्र साहू,प्रआर.हरीश साहू,आर0भागवत खांडेकर,डायमंड यादव, मआर.प्राची गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर अग्रवाल की पहल से महेन्द्र चौहान को मिला अनुकंपा नियुक्ति

*परिवार के भरण पोषण का मिला सहारा, कलेक्टर अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र सौंपकर दी शुभकामनाएं*



**गरियाबंद (भास्कर दूत)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इससे दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को शासकीय नौकरी का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अग्रवाल ने आज महेन्द्र कुमार चौहान को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर चौहान को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम बघर्रा जिला कबीरधाम निवासी चौहान को शासकीय हाई स्कूल छिन्दौला में भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। शासन की पहल और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से चौहान एवं उनके परिजनों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद महेन्द्र चौहान ने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगी। अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के भरण पोषण के लिए चिंतित परिजनों की समस्या दूर हो गई है। साथ ही परिवार के विकास का सहारा मिल गया है। उल्लेखनीय है कि शासन के प्रावधानों के तहत कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश जिलाधिकारियों दिये हैं। साथ ही प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों को समीक्षा भी कर रहे है। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत किया जा रहा है।

# धान बेचने आये किसानों को पूरी सुविधा प्रदान करे समिति - रंजना साहू

### टोकन में आ रही दिक्कतों की जानकारी मिलने पर धान खरीदी केंद्र आमदी पहुँच कर रंजना साहू ने लिया जायजा, समिति को दिए निर्देश

भास्कर दूत



**धमतरी-** पूरे प्रदेश के धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी जोर शोर से चल रही है, इसी बीच नगर पंचायत आमदी धान उपार्जन केंद्र में किसानों के द्वारा टोकन में आ रही दिक्कतों की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षद गणों के साथ धान खरीदी केंद्र पहुंचीं। जहां पर श्रीमती रंजना साहू ने किसानों से विस्तृत चर्चा किए एवं धान उपार्जन समिति को निर्देशित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार सबसे अधिक दाम में अन्नदाता किसान भाइयों का धान खरीद रहे हैं। छत्तीसगढ़ में माननीय श्री विष्णु देव साय की भाजपा सरकार ने किसान भाइयों को अधिक लाभ एवं मुनाफा देने के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया है, जिसके तहत किसान भाई पंजीयन कराकर अपनी धान को प्रति एकड़ 21 क्विंटल बेच रहे हैं, जिसका प्रति क्विंटल 3100 रुपये की राशि मिलेगी। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि धान बेचने आये सभी किसानों को पूरी सुविधा समिति प्रदान करें व टोकन में आ रही दिक्कतों को अतिशीघ्र दूर करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। पूर्व विधायक रंजना साहू के साथ धान उपार्जन केन्द्र में मुख्य रूप से हेमंत माला नगर पंचायत अध्यक्ष , तेजराम साहू उपाध्यक्ष, उमानन्द कुंभकार पार्षद,कोमल यादव पार्षद,लक्ष्मी जितेंद्र पटेल पार्षद ,प्रेम साहू पार्षद,सुनीता कृपाल साहू, किशोर कुंभकार भाजपा नगर अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार पटेल भाजपा महामंत्री, ज्योति साहू,प्रेमशंकर साहू, रजनीश भेसले, नारायण मटियारा, कृपाल साहू, रेवत साहू, महेंद्र कोसरिया, भुनु साहू, जागेश्वर साहू, बेनीराम साहू, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

# जिले के सड़कों का तेजी से हो रहा मरम्मत और सुधार कार्य

### लोक निर्माण विभाग द्वारा 61 सड़कों के 188 किलोमीटर भाग में किया जा रहा पैच रिपेयर





**गरियाबंद (भास्कर दूत)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सड़कों का तेजी से मरम्मत और सुधार कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग दरा द्वारा वर्षा ऋतु से क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के 61 सड़कों के 188 किलोमीटर भाग में आवश्यकतानुसार पैच रिपेयर किया जा रहा है। सड़कों के पेच रिपेयर काम को तेजी से किया जा रहा है। सड़क मरम्मत हो जाने से ग्रामीणों एवं आने जाने वालों को काफी सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में परिवहन व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए नवीन सड़कों का निर्माण और पुरानी सड़कों का सुधार कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निरंतर किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग अनुज शर्मा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग गरियाबंद के अधीन आने वाले मार्गों में बारिश, यातायात दबाव तथा अन्य कारण से क्षतिग्रस्त हुए 61 मार्गों के 188.46 किमी. भाग को मरम्मत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत बी.टी. पैच रिपेयर के माध्यम से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य प्रगति पर है एवं इन मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। सड़कों के रिपेयर हो जाने से आवागमन में सहूलियत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25

### दल द्वारा किया गया कुल 34.40 क्विंटल अवैध धान जब्त





**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध धान भण्डारण और परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य विभाग और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल धमतरी द्वारा आज किशन किराना ग्राम अछोटा एवं पवन ट्रेडर्स कर्मा चौक धमतरी के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान किशन किराना ग्राम अछोटा में 16 क्विंटल एवं पवन ट्रेडर्स कर्मा चौक, धमतरी में 18.40 क्विंटल अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उपरोक्त दोनो फर्म/संचालकों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 34.40 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव 2024-25

### जिला स्तरीय पंथी नृत्य दलों से प्रविष्टियां 27 नवम्बर तक आमंत्रित

**धमतरी।** गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2024-25 आयोजन के लिए आगामी 27 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दलों/समूहों को प्रस्तुत प्रविष्टियों के साथ ही अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारम्परिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए गए हैं, तो इसका विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ ही यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किये हो, तो उसकी जानकारी, प्रविष्टिकर्ता के उत्कृष्ट कार्य के विषय में कोई लेख प्रकाशित हुआ हो, तो उसके विवरण की प्रतियां, सामाजिक चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अपने कार्य के संबंध में कोई प्रख्यात व्यक्ति अथवा पत्र-पत्रिकाओं द्वारा टिप्पणी की गई हो, तो उसकी प्रति, अन्य जानकारी जो प्रविष्टिकर्ता देना चाहे, संलग्न करना तथा प्रविष्टियां में टीम का नाम, सम्मिलित होने वाले सदस्यों की संख्या, अध्यक्ष एवं सचिव के मोबाईल नंबर होना अनिवार्य है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दल/समूह 27 नवम्बर की शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जाएगा युवा उत्सव

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला स्तरीय आयोजन समिति का किया गठन

**धमतरी।** राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदाय करने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड, जिला और राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष युवा उत्सव 15 से 29 वर्ष तक की आयु वर्ग तक होगा। इसमें 13 सांस्कृतिक विधाएं जैसे सामुहिक लोकनृत्य, सामुहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वाक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद और रॉकबैंड(केवल जिला एवं राज्य स्तर पर) शामिल किया गया है। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 3 से 6 दिसम्बर तक किया जाएगा। इनमें 3 दिसम्बर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी, 4 दिसम्बर को अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम कुरूद, 5 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंण्मुंडी, मगरलोड और 6 दिसम्बर को श्रृंगीऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का पंजीयन संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण रूद्री के कार्यालय में कराया जा सकता है और ''माई भारत युवा पोर्टल'' में रजिस्ट्रेशन करेंगे। जिले के इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन फॉर्म के साथ दो फोटो, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और जरूरी दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करेंगे।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी ने दिशा की बैठक में की केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा




**सांसद चौधरी ने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा और लक्ष्य के अनुरूप करने के दिये निर्देश**

**गरियाबंद (भास्कर दूत)/** केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु आज महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सांसद चौधरी ने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा और लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिये। बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, जनपद पंचायत गरियाबंद की अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, छुरा जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, देवभोग नेहा सिंघल, मैनपुर नूरमति मांझी, नगर पंचायत राजिम रेखा सोनकर, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय तथा कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, वनमण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी सहित दिशा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सांसद चौधरी ने विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं विभागों को पूर्ण जवाबदेही एवं समयबद्धता से कार्य निष्पादन करने कहा। उन्होंने कतिपय सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विभागीय योजनाओं व गतिविधियों और प्रगति के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी को अवगत कराया। बैठक में कृषि, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मनरेगा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रमीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, खनिज, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम कार्यक्रम, समेकित बाल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, राष्ट्रीय भू-रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विकास योजना, एकीकृत विद्युत विकास, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं खाद्य सुरक्षा क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से खरीफ वर्ष 2024-25 में 34 हजार 59 कृषकों द्वारा 51 हजार से अधिक हेक्टेयर रकबे का बीमा कराया गया था। फसल कटाई उपरांत उत्पादन आंकड़ों के आधार पर बीमा दावा भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह राष्ट्रीय कृति विकास योजना के तहत लघु धान्य फसल कोदो एवं रागी प्रदर्शन अंतर्गत 1200 हेक्टेयर में फसल प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मृदा स्वास्थ्य अंतर्गत 4000 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदाय किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में गरियाबंद जिले के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में स्व सहायता समूह के माध्यम से मध्यान्ह भोजन संचालित किया जा रहा है।

# NH राजिम गरियाबंद रोड में होगी पार्किंग

## नाली पार नहीं कर पाएंगे कोई भी वाहन

भास्कर दूत






**अभनपुर।** अभनपुर राजीव गरियाबंद मार्ग का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 क्र का पिछले 3 वर्षों से काम चल रहा है काम की गति अत्यंत दयनीय है । नाली का निर्माण जिस प्रकार से किया गया है उस नाली को कोई भी वाहन पार नहीं कर पाएंगे यानी की रोड लेवल से 8 से 10 इंची ऊपर नाली रहेगी । जरूरत के अनुसार से लोग अपने घरों के सामने रैंप बनाकर जा सकेंगे जो रोड पर ही बनेगा बाकी जो यात्री हैं जो दुकानों में आना-जाना करते हैं वह सब छोटे से बड़े वाहन तक रोड में ही खड़ा करेंगे यह नजारा पहले कुर्रा से नयापारा तक देखा गया है । उसी प्रकार का निर्माण अभनपुर बस स्टैंड से कटिया चौक तक किया जा रहा है इस संबंध में विभागीय इंजीनियर से बात करने से पता चला कि नाली सभी जगह 8 से 10 इंच रोड से ऊपर रहेगी जब 8, 10 इंच रोड से ऊपर नाली होगी तो कोई भी जगह से नाली को कैसे पार किया जा सकेगा यानी दुकान में सामान लेने कोई ग्राहक जाएगा तो वह रोड में ही गाड़ी खड़ा करेगा और बेतरतीब खड़ा करेगा जिससे आवागमन बाधित होगा और जो नेशनल हाईवे रोड बनाया जा रहा है जिसमें आगे टोल बैरियर भी लगेगा उसकी उपयोगिता सही नहीं होगी ऐसी चिंता का विषय आम नागरिकों में बना हुआ है।

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024



# डोंगरगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष की दादागिरी!

## लेखापाल पर हाथ उठाकर गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

भास्कर दूत

**राजनांदगांव। अपने पांच साल के कार्यकाल को विधायक के दम पर मनमर्जी से चला रहे डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष इन दिनों अपनी दादागिरी को लेकर सुर्खियों में हैं। मामला जनपद के ही लेखापाल से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए हाथ उठाने से जुड़ा हुआ है।**

सूत्रों से प्राप्त जानकार के अनुसार डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने मामूली बात को लेकर जनपद के ही वरिष्ठ लेखापाल रामलाल साहू को न सिर्फ भला-बुरा कहा, बल्कि अश्लील गालियां देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए हाथ भी उठा दिया। जनपद में अध्यक्ष की दादागिरी और ऊंची आवाज को सुनकर स्टाफ के अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और किसी तरह मान-मनौव्वल के बाद मामला शांत हो गया, किंतु लेखापाल सहित अन्य कर्मचारियों ने इस मामले की लिखित शिकायत जनपद सीईओ रोशनी भगत से की है। हालांकि तीन-चार दिन पुराने इस घटनाक्रम को लेकर सीईओ द्वारा क्या एक्शन लिया गया है? इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इतना जरूर पता चला है कि इस घटनाक्रम के बाद सीईओ द्वारा अध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों की बैठक लेकर आपसी तालमेल और सामंजस्य बनाकर टीम भावना से मिलजुल कर काम करने का आग्रह किया गया है।



सूत्र बताते हैं कि जनपद पंचायत से कोई दस्तावेज को जिला पंचायत को प्रेषित किया जाना था। यह बात दीपावली के आसपास की है, किंतु उस दौरान बीच-बीच में सरकारी अवकाश पड़ने और उसी अवधि में सीईओ का तबादला होने के कारण लेखापाल द्वारा उस दस्तावेज को जनपद से जिला पंचायत को भेजने में विलंब हो गया। इसी बात को लेकर जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने अपना गुस्सा लेखापाल रामलाल साहू पर उतार दिया। अध्यक्ष द्वारा उम्रदराज लेखापाल से बदसलूकी और गाली-गलौज के साथ ही उन्हें मारने के लिए हाथ उठाने को लेकर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि कायदे से इस मामले में अध्यक्ष द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने को लेकर लेखापाल द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इस बारे में लेखापाल रामलाल साहू का कहना है कि अध्यक्ष द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने से उन्हें मानसिक आघात पहुंचा है। पूरे पांच साल तक जैसा भी हो, मैंने उनका व्यवहार ऐसा कभी नहीं देखा था। मेरे साथ हुए घटनाक्रम की लिखित शिकायत सीईओ मैडम से की गई है।

### विधायक का संरक्षण मिलने से हौसले बुलंद?


बताया जाता है कि डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू को विधायक दलेश्वर साहू का पूरा-पूरा संरक्षण मिला हुआ है, जिसके कारण उसके हौसले बुलंद हैं। इसके पूर्व भी अन्य कर्मचारियों के साथ उसके द्वारा इसी तरह का दुर्व्यवहार किया जा चुका है, किंतु उसे अध्यक्ष है, सोचकर किसी ने भी विवाद या शिकायत करने की नहीं सोची। बताया जाता है कि अध्यक्ष द्वारा अपने रिश्तेदार एवं जनपद सदस्य मनीष साहू रामपुर के साथ मिलकर डोंगरगांव क्षेत्र में सरपंचों पर दबाव बनाकर मनमाफिक काम कराया जाता रहा। साथ ही कई गांवों से मुरूम की बेधड़क चोरी का भी काम बेखौफ किया जाता रहा है। इन दोनों की दादागिरी से सरपंचों के साथ ही ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है। नाराज लोगों का कहना है कि अब इनके दिन पूरे हो चुके हैं और इन्हें आगामी चुनाव में सबक सिखाया जाएगा और ऐसे जनप्रतिनिधियों को दोबारा चुनाव जीतने से रोका जाएगा, ताकि एक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में जनपद सहित ग्राम पंचायतों का कामकाज सुचारू ढंग से हो सके।

# महापौर ने दिया इंदिरानगर वार्ड वासियों को धोखा?

### गार्डन का लोकार्पण कार्यक्रम तय कर खुद ही नदारद रही

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** महापौर हेमा देशमुख द्वारा आज इंदिरानगर वासियों के साथ आज एक बड़े मजाक का खेल खेला गया। जिला अस्पताल के पास नवनिर्मित गार्डन के लोकार्पण कार्यक्रम तय करने के बावजूद महापौर खुद ही नदारद रहीं, जिसके कारण उनके आने का इंतजार कर रहे नागरिकों सहित वार्ड पार्षद को बैरंग लौटना पड़ा। इस तरह गार्डन का लोकार्पण कार्यक्रम अघोषित रूप से टल गया।

जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा इंदिरा नगर-झूलेलाल वार्ड क्रमांक 41 हास्पिटल कालोनी गौरवपथ मार्ग पर करीब 22 लाख रुपये की लागत से गार्डन का निर्माण किया गया है, जिसका आज लोकार्पण होना तय किया गया था। इसके बावजूद कोई भी अतिथि नहीं पहुंचा और सारी की सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। दरअसल इस कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, एमआईसी मेंबर मधुकर बंजारी सहित वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता चंपू को शामिल होना था। वार्ड पार्षद श्री गुप्ता ने बताया कि बुधवार 20 नवंबर को महापौर


नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)
।। लोकार्पण ।।
राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत
वार्ड नं. 41 में उद्यान निर्माण
-: मुख्य अतिथि :-
माननीया श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख
(महापौर एवं पार्षद वार्ड नं. 05 राजनांदगांव)
-: अध्यक्षता :-
माननीय श्री हरिनारायण (पप्पू) धकेता
(अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव)
-: विशिष्ट अतिथि :-
श्री किशुन यदु, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव
श्री मधुकर वंजारी, प्र.सदस्य लोककर्म विभाग न.पा.नि. राज.
श्री राजेश गुप्ता चम्पू, पार्षद, वार्ड नं. 41 इंदिरा नगर, झुलेलाल वार्ड
के कर कमलों द्वारा 21 नवम्बर 2024 दिन गुरुवार को संपन्न हुआ।
-: विनीत :-
आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

कार्यालय से उन्हें फोन काल आया था कि 21 नवंबर को हास्पिटल कालोनी में निगम द्वारा नवनिर्मित गार्डन का लोकार्पण महापौर द्वारा किया जाना है, जिसमें किशुन यदु, मधुकर बंजारी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे और आपको भी उपस्थित रहना है। साथ ही कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी करने कहा गया था, उस आधार पर आज उन्होंने पूरी तैयारी कर ली थी। साथ ही वार्ड की महिलाओं और पुरूषों को भी आमंत्रित किया था, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग महापौर सहित अतिथियों के आने का इंतजार करते रहे, किंतु कोई नहीं आया। दोपहर 12 बजे बात करने पर पता चला कि महापौर दूसरे कार्यक्रम में व्यस्त हैं और मधुकारी बंजारी अपने वार्ड के किसी व्यक्ति के गमी में हैं। इस तरह मौके पर पहुंचे सभी लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। महापौर सहित अन्य अतिथियों के नहीं आने से लोगों में रोष देखा गया। साथ ही गार्डन का लोकार्पण भी नहीं हो पाया।

### आधा-अधूरा गार्डन का निर्माण?

वार्ड के लोगों ने बताया कि उनके वार्ड में पहली बार कोई गार्डन बनाया गया है, जो आधा-अधूरा है। गार्डन में न तो झूला है, न हरी घास, न हरियाली, नहीं महिलाओं व वहां भ्रमण के लिए पहुंचने वालों के बैठने-सुस्ताने के लिए कोई सुविधा है। बच्चों के लिए झूला भी नहीं लगाया गया है। बैठने के लिए कुर्सियां भी नहीं लगाई गई हैं। इस तरह आधा-अधूरा गार्डन का लोकार्पण कार्यक्रम तय किया गया था। अधूरे गार्डन निर्माण को लेकर वार्डवासियों में जमकर नाराजगी देखी जा रही है। ज्ञात हो कि वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता चंपू की महापौर से पटरी नहीं बैठ रही है, जिसके चलते उन्होंने कुछ माह पहले एमआईसी से इस्तीफा भी दे दिया था। माना जा रहा है कि इन्हीं कारणों को लेकर महापौर उनके साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने से बचना चाहती होंगी? बहरहाल अब देखना है कि उस गार्डन का लोकार्पण कब और किसके हाथों कराया जाता है?

# 241 बकायादारों की डोंगरगांव क्षेत्र में काटी गई बिजली

### बकाया राजस्व वसूली अभियानः 548 उपभोक्ताओं से 22 लाख की वसूली

**डोंगरगांव (भास्कर दूत)।** क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए वृहद स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत कुमर्दा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 241 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 548 बकायादार उपभोक्ताओं से 22 लाख पांच हजार रूपए की राशि वसूल की गई।

गौरतलब है कि पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है।

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पी. सी. साहू ने बताया कि डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की



गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 241 उपभोक्ताओं के कनेक्शन, जिन पर 16 लाख 99 हजार रुपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं तथा 548 बकायादार उपभोक्ताओं से 22 लाख 05 हजार रुपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया।

इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा मीटर वाचन के कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगें। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य शासन की हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ भी नही मिल पायेगा, क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जायेंगें।

# महिला पर कातिलाना हमला, बदमाश पकड़ाया

## शहर के बैगापारा लखोली की चार माह पुरानी घटना

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर के बैगापारा लखोली में एक महिला पर तलवारनुमा हथियार से कातिलाना हमला करने वाले फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया श्रीमती मंजू साहू पति रामचंद्र साहू उम्र 30 साल निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 अगस्त 2024 को 4.30 बजे मोहल्ले का मोनू बांसफोड़ अपने साथी राजा बांसफोड़ के साथ मिलकर उसके पुत्र को मां बहन की गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तब प्रार्थिया बीच बचाव करने पहुंची, तब उसे भी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे तलवार से कमर के नीचे मार दिया, जिससे उसे चोंटे आईं। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 115 (2) 118, (1)3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना के दौरान 21 अक्टूबर को आरोपी मोनू बांसफोड़ पिता गणेश बासफोड़ उम्र 20 वर्ष निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, जो जेल में निरूद्ध है। इस प्रकरण के एक आरोपी राजा बांसफोड़ घटना बाद से फरार था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर लगातार तलाश की जा रही थी कि आज आरोपी राजा बांसफोड़ पिता चंद्रिका प्रसाद बांसफोड़ उम्र 27 साल निवासी लखोली को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार करने पर रिमांड पर जिला जेल में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पूर्व में धारा 294, 323, 506, 34 भादंवि, धारा 294, 506, 34 भादंवि कायम कर चालान किया गया है तथा प्रतिबंधक धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। आरोपी राजा बांसफोड़ घटना के बाद फरार था, जिसे पतासाजी कर गिरफ्तार करने में आज सफलता मिली।

# ई-रिक्शा चालक को युवक ने मारा चाकू

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर के एक ई-रिक्शा चालक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौजकर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। आरोपी का नाम हेमंत उर्फ सोनू गोंड़ पिता नेमीचंद गोंड उम्र 22 साल निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली वार्ड नं. 32 राजनांदगांव है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी चिन्टू रजक पिता स्व. दिलीप रजक उम्र 17 साल निवासी राजीव नगर लखोली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज सुबह करीब आठ बजे अपने घर से ई-रिक्शा लेकर निकला और सवारी लेकर कुंआ चौक लखोली में छोड़ा। वापस जाने के लिए सुबह लगभग 10.30 बजे घटना स्थल शीतला मंदिर के पास लखोली पहुंचा था, तभी सोनू गोंड निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली मोटर सायकल से आया और ई-रिक्शा को रोका। रिक्शा से नीचे उतरने पर उसने तुमको मैं कब से ढूंढ रहा हूं, कहते हुए अकारण गालियां देते हुए मारपीट करने लगा और अपने पास रखे चाकू को निकालकर गले में मार रहा था, तब तुरंत झुककर भाग रहा था, तभी पीछे से कुल्हे पर चाकू से वार कर दिया। सोनू गोंड द्वारा हत्या करने की नियत से अश्लील गाली गलौच कर चाकू से मारकर चोंट पहुंचाया गया। रिपोर्ट पर धारा 109, 296 भारतीय न्याय संहिता का जुर्म कायम कर विवेचना की गई।



थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व में थाना कोतवाली से तत्काल आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है। उसके विरूद्ध पूर्व में धारा 25 आर्म्स एक्ट, धारा 34(1) आबकारी एक्ट के दो मामलों में चालान कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है।

### नक्सल पीड़ितों का सम्मेलन 24 को

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** प्रदेश के नक्सल पीड़ित परिवारों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 24 नवंबर को कांकेर में आयोजित है, जिसमें नक्सल पीड़ित परिवारों को सुरक्षा को लेकर चिंता सता रही है। जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के भी कई नक्सल पीड़ित परिवार उक्त सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे। नक्सल पीड़ित परिवारों का प्रदेश संगठन लंबित मांगों को शासन के समक्ष पहले भी रख चुका है। सम्मेलन से पहले संगठन ने कांकेर एसपी व कलेक्टर को ज्ञापन देकर सम्मेलन में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

# रास्ता रोककर महिला से छेड़छाड़ः आरोपी अंदर

## महिला व उसके पति को दी थी जान से मारने की धमकी



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** लालबाग थाना क्षेत्र के गांव में एक महिला से दो माह से छेड़छाड़ करने और मना करने पर महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थिया ने 21 नवंबर को लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव का ही गजेंद्र पटेल दो माह से उसे रास्ते में आने-जाने के दौरान गंदे कमेंट कर छेड़खानी करता है। कभी रास्ता रोक लेता है। कभी हाथ बांह पकड़ लेता है और अपने साथ गलत काम करने के लिये बोलता है। 18 नवंबर की शाम को पांच बजे वह तालाब से नहाकर अपने घर की ओर जा रही थी, तभी सामने गजेन्द्र पटेल बैठा था। उसने प्रार्थिया को अकेली आते देखकर सूनसान होने पर रास्ता रोककर हाथ बांह पकड कर अश्लील शब्द बोलकर छेड़खानी करने लगा एवं मां बहन की गाली देने लगा। फिर वह प्रार्थिया का हाथ छोड़कर अपने हाथ को फैलाया और उपर की ओर देखने लगा, तब प्रार्थिया वहां से भागकर अपने घर गई और अपने पति को उक्त घटना को बताई। 20 नवंबर को प्रार्थिया का पति रास्ते में गजेन्द्र पटेल से मिलने पर उसे बोला कि मेरी पत्नी के साथ क्यों छेड़खानी करते हो, तब वह उसके साथ मारपीट करने लगा और तुम्हारा मर्डर कर दूंगा, तुम्हें निपटा दूंगा कहकर उसे भी खुले आम धमकी दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 296, 126 (2), 74, 75, 78, 351 (3), 115 बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना की गई। थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में आरोपी गजेन्द्र पटेल पिता मूलचंद पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी किरगी थाना लालबाग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किये जाने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया, जिस पर उसे आज रिमांड पर जेल भेजा गया।

# शहर में नेशनल स्कूल गेम्स में बवाल!

## दो राज्यों की टीम में विवाद; मेजबान छ.ग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवाल

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** यहां दिग्विजय स्टेडियम में जारी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबॉल की स्पर्धा में दो राज्यों की टीमों और उनके कोच आदि के बीच जमकर विवाद हो गया। इसमें मेजबान छत्तीसगढ़ की निष्पक्ष एंपायरिंग पर भी सवाल उठने लगे हैं।

शहर में आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स में कई राज्यों की टीम यहां पहुंची हुई हैं। पहले तो उनके लिए आवासीय और खान-पान की व्यवस्था को लेकर खामियां उजागर हुई। अब बास्केटबॉल के खेल में हार-जीत की बात ने तूल पकड़ लिया है। हालांकि खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे पुलिस का मामला नहीं बनने दिया गया, पर इतना जरूर है कि राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की मेजबानी और इसकी निष्पक्षता सवालों के घेरे में आ गई है।

जानकारी के अनुसार सीबीएसई अंडर-14 बालक-बालिका और अंडर-17 बालक वर्ग इन तीन बास्केटबॉल मैच की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली हुई है। इसमें भी छत्तीसगढ़ ने यह जिम्मेदारी राजनांदगांव को सौंप दी है, क्योंकि यहां भारतीय खेल प्राधिकरण का कार्यालय संचालित है। नेशनल स्कूल गेम्स में किसी भी टीम को पहला, दूसरा स्थान मिलने पर उनके खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता दी जाती है। इस महत्वपूर्ण बात को ध्यान में रखते हुए किसी भी खेल के खिलाड़ी पूरे मनोयोग से खेल कर जीतने का प्रयास करते हैं, लेकिन यदि बात पक्षपात किया जाती है तो विवाद की



स्थिति बनना लाजिमी है।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के पूर्व कोच एवं पूर्व मैनेजर का पक्षपातपूर्ण रवैया इस विवाद का मूल कारण है। आज का मैच केरल और हरियाणा के बीच चल रहा था, जिसमें छत्तीसगढ़ की उसमें भी विशेष तौर से राजनांदगांव की ओर से की गई अंपायरिंग पर सवाल उठे और यह बवाल तक जा पहुंचा। खबर है कि दोनों पक्ष में मैदान के अंदर तू-तू, मैं-मैं तक रही, लेकिन मैदान के बाहर हाथापाई हो गई।

बताया जाता है कि समाज विशेष के कुछ लोग भी इस विवाद में शामिल हो गए थे। बाद में इस विवाद को दोनों पक्ष इसलिए भी पुलिस में ले जाने से बचते रहे, क्योंकि टीमों के कोच आदि किसी न किसी शासकीय सेवा में हैं और पुलिस प्रकरण बनने से उनकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। इस बात को और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आपसी सुलह कर लिया गया। बहरहाल जो भी हुआ हो, मगर यह इस घटना को लेकर शहर में खूब चर्चा हो रही है। इस संबंध में जिला खेल अधिकारी ए. एक्का का पक्ष जानने उनके मोबाइल पर डायल किया गया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

### आज दिग्विजय स्टेडियम में पुरस्कार वितरण

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 22 नवंबर की सुबह 11 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भण्डारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास रमेश पटेल, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग ने खेल प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह आज जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 22 नवम्बर राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 22 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव पहुंचकर 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुचेंगे। कार्यालय स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में संध्या 4 बजे से संध्या 5 बजे आयोजित बैठक में शामिल होंगे। वे संध्या 7.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा दुर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे।



पाठक सूचना
भास्कर दूत
राजनांदगांव जिले में समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो अथवा भास्कर दूत की प्रतियों, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें–
75878-52022
87700-45100

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 9406011669

दैनिक भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024



# ढाई करोड़ की शराब पर चला पुलिस का बुलडोजर

भास्कर दूत

**रायपुर//बलौदाबाजार/महासमुंद।** रायपुर रेंज में आज जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. रेंज के तीनों जिलों में करीब 80 हजार लीटर अवैध शराब नष्ट की गई है. बताया जा रहा है कि करीब ढाई करोड़ रुपये के कीमत की बड़ी मात्रा में जब्त शराब को नष्ट किया गया है.





### बलौदाबाजार में 34 हजार लीटर अवैध शराब का नष्टिकरण

बलौदाबाजार जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने दाहोद स्थित पुलिस लाइन के पीछे खुले मैदान में करीब 34 हजार लीटर अवैध शराब का नष्टिकरण किया. यह कदम जिला कलेक्टर के निर्देश पर उठाया गया, क्योंकि थानों में जब्त शराब रखने के लिए अब जगह नहीं बची थी. पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि यह शराब पिछले 10-12 वर्षों में जिले में अवैध शराब के मामलों में जब्त की गई थी. नष्ट की गई शराब की कीमत लगभग 50 लाख रुपये है. पुलिस ने न्यायालय से विधिवत परमिशन लेकर यह कार्रवाई की. इस नष्टिकरण में 1934 प्रकरणों में जब्त की गई शराब को नष्ट किया गया. इससे पहले मई माह में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई थी.

### महासमुंद में 12 हजार 117 लीटर अवैध शराब का नष्टिकरण

महासमुंद जिले के परसदा पुलिस लाइन में भी अवैध शराब का नष्टिकरण किया गया. यहां पर 12 हजार 117 लीटर अवैध शराब नष्ट की गई, जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है. यह शराब वर्ष 2013 से लेकर अब तक विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त की गई थी. न्यायालय के फैसले के बाद पुलिस ने शराब को नष्ट किया, जिसमें महुआ, देशी और अंग्रेजी शराब शामिल थी.

### रायपुर में 33 हजार लीटर से अधिक शराब का नष्टिकरण




रायपुर में भी प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की. रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर, राजधानी पुलिस ने 33,532 लीटर अवैध शराब नष्ट की, जिसकी कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये है. इस कार्रवाई के दौरान एसएसपी संतोष सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

# शव लेकर पहुंचे परिजन, थाने में बवाल

भास्कर दूत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें पुलिस जवान समेत अन्य लोगों का नाम लिखा हुआ है. इस घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शव लेकर टिकरापारा थाने पहुंचे हैं और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे. भीड़ को नियंत्रित करने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक, टीकरापारा थाने के एक हवलदार की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने खुदकुशी की है. मृतक का नाम मोहम्मद शहजाद शेख बताया जा रहा है. बीते दिनों मारपीट मामले में मृतक और उसके दोनों बेटों को पुलिस ने थाने लाया था. इस बीच शहजाद की खुदकुशी का मामला सामने आ गया.





# दिल्ली दौरे से लौटे सीएम विष्णुदेव साय, कहा- छत्तीसगढ़ को मिली कई सौगातें

भास्कर दूत

**रायपुर.** सीएम साय आज अपने दो दिवसीय दिल्ली दौरे से वापिस राजधानी लौटे. वापसी के बाद सीएम साय ने पत्रकारों से बातचीत की. उन्होंने बताया कि अपने दो दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह और उड्डयन मंत्री से की मुलाकात की. इसमें छत्तीसगढ़ को कई सौगातें मिली है.



सीएम साय ने बताया कि कल उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री शाह से छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई की जानकारी दी. इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ में बस्तर चल रहे ओलम्पिक के समापन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया है.

सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए बड़े सौभाग्य का विषय है कि छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर्स अवॉर्ड घोषित हुआ है, जिसका समारोह भव्य होता है, उसमें भी शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री की आग्रह किया है. दोनों कार्यक्रम में आने के लिए उन्होंने सहमति दी है.

वहीं सीएम साय ने कहा- कल (बुधवार को) केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से भी मुलाकात किए. प्रदेश में उड्डयन के क्षेत्र में जो आवश्यकताएं हैं, उसके विषय में अवगत कराया. उनसे बड़ी सार्थक चर्चा हुई. जल्द ही प्रदेश और केंद्र के अधिकारियों की बैठक होगी. हमने मांग रखा है कि रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशन एयरपोर्ट बनाया जाए. यह इंटरनेशन कार्गो बनाया जाए. प्रधानमंत्री ने अंबिकापुर एयरपोर्ट का इंनोग्रेशन किया है, वहां फ्लाइट चालू किया जाए. आने वाले 15 दिसंबर से रायपुर से अंबिकापुर फ्लाइट की शुरुवात हो रही है. बिलासपुर में नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं है. उन्होंने आश्वास्त किया है कि जल्द ही इसकी भी शुरुवात होगी. उन्होंने कहा कि बिहार की राजधानी पटना और झारखंड की राजधानी राची से हवाई सुविधा कनेक्टिविटी हो इसकी भी मांग रखी है.

### विश्वाश है कि वे छत्तीसगढ़ की चिंता करेंगे.

*वहीं क्रिप्टो करेंसी घोटाले में ईडी ने रायपुर में दबिश दी है. इस मामले में भूपेश बघेल के तार गौरव मेंहतो से जुड़ने की चर्चा हो रही है. इसे लेकर सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि जांच में किसके तार कहां जुड़े हैं सामने आ जाएंगे. कोई बक्शे नहीं जाएंगे.*

# कलेक्टर अग्रवाल ने किया छात्रावास का औचक निरीक्षण

बच्चों से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ली जानकारी।

**गरियाबंद (भास्कर दूत)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला मुख्यालय के दर्रापारा स्थित प्रयास आवासीय छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अध्ययन, भोजन और मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किचन, स्टोर रूम, शौचालय और शयन कक्ष मे जाकर साफ सफाई और अन्य सुविधा का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम राकेश गोलछा, नायब तहसीलदार सुश्री अवंतिका गुप्ता मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने प्रयास आवासीय छात्रावास दर्रापारा का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान किचन, शौचालय, बच्चों के शयन कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर की साफ सफाई रखने की निर्देश दिये हैं। श्री अग्रवाल ने यहां स्टाक पंजी, आगंतुक पंजी और पालक पंजी का भी अवलोकन किया।





उन्होंने कहा कि छात्रावास में बिना लिखित अनुमति के कोई भी मिलने ना आये। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय पर भोजन मिलना सुनिश्चित हो और समय-समय पर स्वास्थ्य चेकअप किया जाए। कलेक्टर ने विभाग को यहां अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी निरंतर सजग रहने निर्देश दिये।

## सार समाचार

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा ने किया नए प्राचार्य का स्वागत किया



**साजा (भास्कर दूत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो की सदैव छात्रहित राष्ट्रहित सामाजहित में काम करते आ रहा है साजा महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कई वर्षों से प्राचार्य का मांग किया जो कि आज पूरा हुआ नए प्राचार्य ने अपना प्रभार ग्रहण किया जिनका पुष्प गुच्छ एवं रानी लक्ष्मी बाई जी की चलचित्र भेंट कर किया गया स्वागत एवं अभिनंदन साथ ही नए प्रचार्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से नगर मंत्री संदीप यादू ने प्राचार्य को बधाई देते हुए कहा कि आप से आशा है महाविद्यालय के विकास एवं छात्र हित में बेहतर कार्य करंगे जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री संदीप यदु नगर सहमंत्री झम्मान साहू अरुण चौहान रणजीत राजपूत धनेश्वर साहू देनेश्वर साहू केवल गोविन्द सुमन साहू पेमीन वर्मा योगेश्वरी हेमा प्रिया टिकेश्वरी एवं समस्त कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे नक्सलियों और सुरक्षा जवानों की मुठभेड़, 1 जवान घायल




**रायपुर।** उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर नदी पार कर आ रहे नक्सलियों से उड़ीसा पुलिस के जवानों की मुठभेड़ हो गई. ये मुठभेड़ सुकमा जिले के एर्राबोर की सीमा पर उड़ीसा में हुई है. इस मुठभेड़ में उड़ीसा पुलिस का एक जवान घायल हुआ है. ये पूरा मामला सुकमा की सीमा से सटे उड़ीसा के मल्कानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव के पास शबरी नदी का है.

#### इसके पहले 16 नवंबर को 5 नक्सली हुए थे ढेर

बता दें कि कांकेर-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाकों में 16 नवंबर को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी. इस दौरान 5 नक्सली मारे गए थे और शव बरामद किए गए थे. अब इन सभी की पहचान हो चुकी है. पुलिस ने मुठभेड़ में मारे गए 5 नक्सलियों की शिनाख्त की गई थी. इसमें 40 लाख के इनामी नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया था. सभी नक्सलियों आठ-आठ लाख का इनाम घोषित था. डीवीसीएम कमांडर वनोचा कराम समेत कंपनी नंबर 10 के नक्सली ढेर हैं. आज पुलिस मामले का खुलासा करेगी.

# जिले के 5218 किसानों ने अब तक 51 करोड़ 33 लाख 10 हजार से अधिक रुपये का 2 लाख 22 हजार 812 क्विंटल धान बेचा

लघु एवं सीमान्त किसानों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए टोकन जारी किया जा रहा



**गरियाबंद (भास्कर दूत)।** राज्य शासन द्वारा 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गई है। गरियाबंद जिले के किसानों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। जिले में धान खरीदी को देखते हुए लग रहा है कि छोटे एवं लघु कृषकों को धान की बिक्री से अच्छी खासी आमदनी हो रही है। वहीं उपार्जन केन्द्र प्रभारियों ने भी अपने पंजीकृत कृषकों के धान बिक्री के लिए आने पर स्वागत सत्कार के लिए फूल माला, गुलाल और मिठाई से स्वागत कर रहे हैं। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। खरीदी प्रारंभ से 5218 कृषकों ने कुल 7043 हेक्टेयर रकबा में 2 लाख 22 हजार 812 क्विंटल धान 51 करोड़ 33 लाख 10 हजार 448 रुपये मूल्य का बेचा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अब तक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए केवल चालू सप्ताह तक के लिए 7 हजार 465 कृषकों के टोकन जारी किया गया है। जिसमें लघु एवं सीमान्त कृषकों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए टोकन जारी किया जा रहा है। साथ ही टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से स्वप्रेरित होकर कृषकों द्वारा अधिक से अधिक मात्रा में स्वयं टोकन जारी कर धान विक्रय के लिए आ रहे है। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के सभी किसानों को टोकन तुंहर हाथ एप से अधिक से अधिक टोकन काटने की अपील की है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की शुरूआत करने से राज्य सरकार के कार्यों से कृषकों में हर्ष व्याप्त है ।


### टोकन तुंहर हाथ एप से अधिक से अधिक टोकन काटने की अपील

# फर्जी मार्कशीट देकर सहायिका नियुक्ति का मामला पहुंचा थाना

**85.46 प्रतिशत अंक अर्जित मार्कशीट के आधार पर सहायिका नौकरी हासिल करने वाली तारिणी 9 वीं पढ़ने 81.26 प्रतिशत अंक अर्जित मार्कशीट जमा किया था हाई स्कूल में**

भास्कर दूत





**देवभोग।** देवभोग में पिछले 4 माह से पृथक पृथक आदेश के तहत 16 से ज्यादा आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती किया गया। ज्यादातर भर्ती में भारी लेन देन की चर्चा होती रही।लेकिन आज लाटापारा के पूंजीपारा आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती का मामला थाने पहुंचा। वंचित अभ्यर्थी उर्मिला यादव ने थाने में लिखित शिकायत देकर बताया है कि चयनित अभ्यार्थी तारिणी द्वारा बाड़ीगांव मिडिल स्कूल प्रधान पाठक मिलकर फर्जी अंक सूची तैयार किया,आरोप है कि बाड़ीगांव मिडिल स्कूल में 2015 में कक्षा 8 वीं पास करने वाली तारिणी 81.26 अंक अर्जित किया था।इसी मार्कशीट के आधार पर उसने कक्षा नवमी में भर्ती भी लिया था।लिखित शिकायत में उर्मिला ने आरोप लगाया है कि सहायिका भर्ती पाने मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के साथ मिल पुराने रिकॉर्ड में हेर फेर कर नया अंक सूची बनाया गया है।यह भी बताया कि प्रक्रिया के दरम्यान पति मधु यादव द्वारा आर टी आई के तहत दस्तावेज निकाल इसकी जानकारी चयन समिति को दिया था,लेकिन समिति ने भी इसे अनदेखा कर दिया पर पति को यह पहल महंगा पड़ गया। नव नियुक्त सहायिका तारिणी के शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि कूट रचना की शिकायत मिली है ,जांच की जा रही है। मधु के खिलाफ दर्ज मामले की जांच करने पहुंचे एसडीओपी- उर्मिला के पति मधु यादव के खुलासे के बाद मामले में अब तक कोई जांच तक शुरू नहीं हुई लेकिन तारिणी बघेल द्वारा 12 नवम्बर को मधु यादव के खिलाफ गाली गलौच करने का आरोप लगाकर एक लिखित शिकायत दर्ज करा दिया गया। देवभोग पुलिस ने इस शिकायत पर मधु यादव के खिलाफ मामला पंजीबद्ध भी कर लिया, मधु ने मामले में समाज की मदद मांगी। जिला पंचायत सदस्य धनमती यादव के नेतृत्व में राजधानी पहुंच समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ अंक सूची में गड़बड़ी और अपने खिलाफ हुए झूठी शिकायत को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव को आवेदन दिया है। रविवार को सर्व समाज प्रदेश अध्यक्ष द्वारा देवभोग में लिए गए बैठक में भी इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई।

# 400 करोड़ का बिजली बिल बकाया, उद्योग बंद होने के कगार पर

भास्कर दूत

**रायपुर। छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन एसोसिएशन संघ के सदस्य आज उद्योगों को दी जा रही बिजली की दरें कम कराने की मांग करने अधिकारियों से मिलेगा. लेकिन ये मुलाकात तब हो रही है जब सैकड़ों उद्योग मालिकों ने करीब 400 करोड़ रुपए का बिजली बिल भुगतान नहीं किया है.**



अब सवाल ये है कि क्या उद्योग मालिकों को बढ़ी हुई बिजली की दरों की जानकारी नहीं थी ? और जब करोड़ों का बिजली बिल भुगतान करने की बारी आई तब मालिकों की नींद उड़ी और अब मुलाकातों का दौरा शुरू करने की कवाद शुरू की. संघ का दावा है कि छत्तीसगढ़ में लौह उद्योग एक बार फिर से संकट में हैं. बिजली बिल की बढ़ी हुई दरों का बोझ नहीं उठा पाने के चलते धीरे-धीरे करके उद्योग बंद होते जा रहे हैं. उद्योग संघों की मानें तो लगभग 5 दर्जन से अधिक उद्योग मंदी के चलते बंद हो गए हैं. बड़ी संख्या में उद्योग बंद होने के कगार पर है.

मिली जानकारी के अनुसार करीब 400 करोड़ रुपए बिजली बिल का भुगतान अटक गया है. दावा है कि यह भुगतान किसी आंदोलन के तहत नहीं बल्कि आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते अटकने की बात सामने आई है. इस संबंध में उद्योग संघों का कहना है कि लंबे समय से बढ़ी हुई बिजली दर की मार झेल रहे हैं. अब नुकसान सिर से ऊपर जा रहा है.

ऐसे में उद्योग बिजली बिल नहीं चुका पाने की स्थिति में आ गए हैं. छोटे ही नहीं बड़े उद्योगों की हालत भी खराब हो गई है.

उद्योग बंद होने और करोड़ों रुपए के बिल का भुगतान नहीं होने के बाद भी उद्योग संघ ने इस बार एकाएक कोई निर्णय नहीं लिया है. उद्योग संघ आपस में मिलकर चर्चा कर रहे हैं. पिछले दिनों से उद्योग और विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क में है. आज उद्योग संघ के प्रतिनिधि अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेंगे.

*छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष अनिल नचरानी ने बताया की करीब 300 से 400 करोड़ का बिजली बिल अटक गया है. बिजली की बढ़ी दरों से अब तक 12 से 15 उद्योग बंद हो चुके है. करीब 300 से ज्यादा उद्योगो ने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है. अक्टूबर महीने में 16 तारीख को सभी बिल पटाते है. वो बिल नहीं पटाया गया है. कुछ लोग लोड सरेंडर भी वापस कर करने की बात कर रहे है तो कुछ लोग मिनिमम में जा रहे है. इन्हीं सब मांग और बिजली की दर कम करने की मांग को लेकर आज अधिकारियों से बातचीत कर अपनी मांग रखेंगे.*

# कमिश्नर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण, किसानों से मिलकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

भास्कर दूत

**बलौदा बाजार।** बलौदाबाजार रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे प्रदेश व्यापी धान खरीदी के तहत गुरुवार को जिले के सिमगा स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंचे।उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री कावरे ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी,बारदाना रजिस्टर,टोकन रजिस्टर की बारिकी से जांच की। इसके साथ ही ढेरी में लगाए हुए धान को पॉस मशीन के जरिये आर्द्रता को मापा गया। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया। इस दौरान कलेक्टर को कही कही किसानों से सूखत के नाम से किसानों से अधिक धान खरीदी एवं निर्धारित तय सीमा में नमी धान की शिकायतों को बड़ी गंभीरता से लिए है उन्होने सभी अधिकारियों एवं प्रबंधको को दू टूक कहा कि किसी भी स्थिती में किसानों से सूखत के नाम से अधिक धान की तोलाई ना करे ना ही तय सीमा से अधिक नमी वाले धान की खरीदी की जाएं इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कमिश्नर ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से कहा कि किसान कड़ी मेहनत कर धान उत्पादन करता है। किसान की मेहनत का वाजिब दाम मिले और उनके काम का सम्मान हो,इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र में छाया व बैठक व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें। उन्होंने कहा कि एक दिन में जितने किसानों से धान की खरीदी हो सके, उतने ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा ना हो कि कोई किसान धान बेचने के लिए आए और उसे अनावश्यक रूप से अधिक समय तक रूकना पड़े।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग, मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com